NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 215 लखनऊ, रविवार 29 मार्च 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 11,200 करोड़ की लागत से बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन, विकसित भारत की दिशा में नया अध्याय- प्रधानमंत्री

संवाददाता।

जेवर लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में 11,200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का उद्घाटन और कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने मेंटिनेंस, रिपेयर एवं ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधा का शिलान्यास भी किया।प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लोगों की अमानत, भविष्य और पुरुषार्थ का प्रतीक है तथा यह एयरपोर्ट युवाओं के भविष्य को नई उड़ान देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे अधिक एयरपोर्ट वाले राज्यों में शामिल हो गया है और इस एयरपोर्ट का शिलान्यास तथा उद्घाटन करना उनके लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है।प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर और फरीदाबाद सहित पूरे क्षेत्र को बड़ा लाभ पहुंचाएगा। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, छोटे एवं लघु उद्योगों तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में एयरपोर्ट केवल सुविधा नहीं, बल्कि प्रगति को नई दिशा देने वाले केंद्र होते हैं। वर्ष 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, जो अब बढ़कर 160 हो गए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट की संख्या बढ़कर 17 तक पहुंच गई है।प्रधानमंत्री ने कहा कि 'उड़ान' योजना के माध्यम से अब तक 1 करोड़ 60 लाख से अधिक लोगों ने सस्ती दरों पर हवाई यात्रा की है और योजना के विस्तार के लिए लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत आने वाले वर्षों में 100 नए एयरपोर्ट और 200 नए हेलीपैड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में एविएशन सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है और इसके लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षित कार्यबल की आवश्यकता होगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पहले विमानों के मेंटिनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब भारत को एमआरओ सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। जेवर में एमआरओ सुविधा बनने से देश और विदेश के विमानों को यहां सेवाएं मिलेंगी, जिससे रोजगार बढ़ेगा और देश का धन देश में ही रहेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कई देशों में पेट्रोल, डीजल, गैस और खाद्य पदार्थों का संकट उत्पन्न हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती का सामना मजबूती से कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिससे किसानों और सामान्य परिवारों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाल के सप्ताहों में कई बड़े विकास कार्य हुए हैं, जिनमें नोएडा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास, दिल्ली–मेरठ नमो भारत ट्रेन की शुरुआत और मेरठ मेट्रो का विस्तार शामिल है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पूरे उत्तर भारत को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और यहां से हर दो मिनट में एक विमान उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया भारत और नया उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का रनवे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने के साथ ही प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का लॉन्च पैड बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे विकसित किए जाएंगे, जिससे यह विश्वस्तरीय एयरपोर्ट के रूप में स्थापित होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के आसपास सेमीकंडक्टर चिप निर्माण यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, एपेरल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, एमएसएमई और हैंडीक्राफ्ट पार्क सहित अनेक औद्योगिक परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे निवेश और रोजगार की व्यापक संभावनाएं सृजित होंगी। उन्होंने किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों ने लगभग 13 हजार एकड़ भूमि उपलब्ध कराकर इस परियोजना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए दूसरी धड़कन के समान है और यह एयरपोर्ट एयरोट्रोपोलिस के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के उत्पाद देश और दुनिया के बाजारों तक तेजी से पहुंच सकेंगे।ज्ञातव्य है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित इस एयरपोर्ट के प्रथम चरण की वार्षिक यात्री क्षमता 12 मिलियन होगी, जिसे पूर्ण विकसित होने पर 70 मिलियन यात्रियों तक बढ़ाया जाएगा।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच राजनाथ सिंह की हाइलेवल मीटिंग, ऊर्जा-व्यापार सुरक्षा पर रहा फोकस




एजेसी।

दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पश्चिम एशिया संकट पर एक उच्च–स्तरीय बैठक हुई, जिसमें आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुख्यमंत्रियों के साथ स्थिति की समीक्षा की और केंद्र–राज्य के बीच समन्वित कार्रवाई पर जोर दिया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों के एक अनौपचारिक समूह ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में बैठक की। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे। केंद्र द्वारा मौजूदा संघर्ष पर कई बैठकें आयोजित करने और लोगों को ईंधन की कोई कमी न होने का आश्वासन देने के बीच यह बैठक हुई है। विदेश मंत्रालय घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहा है और पश्चिम एशिया में मौजूद भारतीय नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इससे पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के साथ वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों और देश पर इसके संभावित प्रभाव के मद्देनजर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई।प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों की सराहना की और कहा कि ये सुझाव मौजूदा स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता, तैयारी और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्थिति लगातार बदल रही है, जिसके लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 3 मार्च से एक अंतर–मंत्रालयी समूह कार्यरत है, जो प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा कर समय पर निर्णय ले रहा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार की प्राथमिकताएं आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा करना और उद्योग एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना है। राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्णयों का प्रभावी कार्यान्वयन राज्य स्तर पर होता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर संचार और समन्वय के साथ–साथ समय पर सूचनाओं के आदान–प्रदान और संयुक्त निर्णय लेने का आह्वान किया, ताकि प्रतिक्रियाएं त्वरित और सुव्यवस्थित हों।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हस्तक्षेप से आंगनवाड़ी केंद्र नए भवन में शिफ्ट, बच्चों को मिला सुरक्षित वातावरण

एजेंसी। दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दोहराया कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई भी की जाएगुना। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना जिले की ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा अंतर्गत ग्राम मामला में आंगनवाड़ी केंद्र की स्थिति पर त्वरित संज्ञान लेते हुए बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया। उनके निर्देशों के बाद आंगनवाड़ी केंद्र को सुरक्षित नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है।तत्काल संज्ञान और कड़े निर्देशग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र लंबे समय से एक पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रहा था। मामले की जानकारी प्राप्त होते ही केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं।प्रशासन हरकत में, केंद्र स्थानांतरितकेंद्रीय मंत्री के निर्देशों के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए आंगनवाड़ी केंद्र को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे लाभार्थियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।जनसुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही पर सख्त रुखकेंद्रीय मंत्री ने दोहराया कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई भी की जाए।

## भाजपा सरकार फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार का रिकार्ड बना रही है अखिलेश यादव

लखनऊ, (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि प्रदेश में फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। जनता को झूठे सपने दिखाकर छला जा रहा है और बजट के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है।अखिलेश यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन हो या लोक निर्माण विभाग के कार्य, हर जगह कमीशनखोरी हो रही है और भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश में लूट मचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है और आम जनता इससे त्रस्त है।उन्होंने भाजपा को




भूमाफिया पार्टी बताते हुए कहा कि किसानों की जमीन का सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर उन्हें चहेते उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों को धोखा दे रही है और यह सरकार किसान विरोधी तथा पूंजीपतियों की समर्थक है। अयोध्या, वाराणसी और नोएडा सहित कई स्थानों पर किसानों की जमीनें छीनी जा रही हैं और प्रदेश में वास्तविक विकास शून्य है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार फर्जी एमओयू कर जनता को गुमराह कर रही है। यदि इस सरकार में हुए सभी एमओयू की जांच कराई जाए तो भाजपा का झूठ जनता के सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और लूट से परेशान हो चुकी है और वर्ष 2027 में जनता भाजपा को हटाकर भ्रष्टाचार का अंत करेगी।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के पास झूठे वादों और दावों के सिवा कुछ नहीं है। सरकार के भ्रष्ट प्रबंधन के कारण प्रदेश के छह नए एयरपोर्ट बंद पड़े हैं। चित्रकूट एयरपोर्ट, कुशीनगर एयरपोर्ट सहित घरेलू उड़ानों के लिए तैयार किए गए छह एयरपोर्टों से उड़ानें बंद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अरबों रुपये की परियोजनाएं केवल अपने लोगों को ठेके देने और कमाई बांटने के लिए की जा रही हैं। उनके अनुसार सरकार का उद्देश्य हवाई अड्डों का संचालन या उड़ान योजना को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि केवल लाभ कमाना है।

## राससबिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा कुरुक्षेत का शैक्षणिक भ्रमण

### विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण संग्रहालय, धरोहर स्थलों व धार्मिक स्थलों का किया अवलोकन, गीता की भूमि के इतिहास व संस्कृति से हुए परिचित

विजडम इंडिया।

रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा










दिनांक 27 मार्च 2026 को विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने हरियाणा राज्य स्थित ऐतिहासिक नगरी कुरुक्षेत्र का दौरा किया, जिसे श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश की पावन स्थली माना जाता है।

इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से परे महाभारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा हरियाणा की समृद्ध एवं जीवंत संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया, जिनमें श्रीकृष्ण संग्रहालय तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय धरोहर संग्रहालय विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। यहाँ छात्रों ने क्षेत्र की समृद्ध विरासत एवं ऐतिहासिक तथ्यों को निकट से समझा।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने 3d फिल्म, पैनोरमा दृश्य, बाण गंगा, 51 शक्तिपीठों में से एक माँ भद्रकाली मंदिर, खाटू श्याम मंदिर तथा ओ.पी. जिंदल पार्क जैसे प्रमुख स्थलों का भी भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा से विद्यार्थी न केवल ऐतिहासिक धरोहरों के साक्षी बने, बल्कि उन्हें अनेक ज्ञानवर्धक जानकारियाँ भी प्राप्त हुईं।

इस शैक्षिक भ्रमण के सफल आयोजन का श्रेय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण, माननीय कुलपति प्रो0 हिमांशु ऐरन एवं प्रति–कुलपति डॉ देश दीपक जी को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

इस शैक्षिक भ्रमण मे डीन एकेडमिक, डीन व हैड, शिक्षा विभाग प्रो0 मनमोहन गुप्ता, डॉ राम निवास देशवाल, डॉ मंजू जेठी, डॉ राजेश, पूनम, रीना व बी0 एड0 के छात्र– छात्रा उपस्थित रहे।

## बीजेपी सत्ता में आती है, तो बुलडोजर चलाकर सब कुछ तबाह कर देगी, पुरुलिया में बोलीं ममता

एजेंसी।

ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल हमेशा से विविधता में एकता के सिद्धांत में विश्वास रखता आया है। बंगाल समावेशिता और एकजुटता का प्रतीक है। बंगाल श्सभी का धर्म, सभी के त्यौहार!श के पवित्र दर्शन पर चलता है। लेकिन बंगाल धर्म के नाम पर हिंसा और गुंडागर्दी को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके सभी अधिकार और शक्तियां छीन ली गई हैं। मैं चुनी हुई मुख्यमंत्री हूं लेकिन उन्होंने मेरी सारी शक्तियां छीन ली हैं। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगढ़ में राम नवमी के दिन हुई हिंसा के लिए भाजपा को दोषी ठहराते हुए कहा, "मुझे दोष मत दीजिए। मेरे सारे अधिकार छीन लिए गए हैं। सभी अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। भाजपा के लोगों को यहां भेजा गया है। लेकिन वे नहीं जानते कि जीत हमारी ही होगी। रघुनाथगंज में दंगे भड़काए गए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। इन (अधिकारियों) का तबादला यहां इसलिए किया गया है ताकि वे दंगे भड़का सकें। रघुनाथगंज में दुकानों में तोड़फोड़ की गई... किसी के घर में तोड़फोड़ करने का अधिकार आपको किसने दिया? रघुनाथगंज में दंगे भड़काने का अधिकार आपको किसने दिया? इन सबका हिसाब देना होगा। ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल हमेशा से विविधता में एकता के सिद्धांत में विश्वास रखता आया है। बंगाल समावेशिता और एकजुटता का प्रतीक है। बंगाल ष्सभी का धर्म, सभी के त्यौहार!ष के पवित्र दर्शन पर चलता है। लेकिन बंगाल धर्म के नाम पर हिंसा और गुंडागर्दी को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रतिबंधित गायब आयोग का इस्तेमाल करते हुए, बीजेपी ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मनमाने तबादले करके राज्य प्रशासन को पंगु बना दिया है। और अब, वे चुनावों से पहले पूरे बंगाल में तनाव और अशांति फैलाने के लिए खुलेआम हिंसा और गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहे हैं।वे लोगों का दिल नहीं जीत सके, इसलिए वे डर के जरिए, अराजकता फैलाकर जीतने की कोशिश कर रहे हैं। हम किसी को भी माहौल को दूषित नहीं करने देंगे। हम गुंडागर्दी को अपनी एकता भंग नहीं करने देंगे। मुर्शिदाबाद में राम नवमी जुलूस के दौरान हिंसा भड़क उठी, जिसमें कई स्थानों से पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आईं।

# जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास और रोजगार का नया द्वार खोलेगा- पंकज चौधरी

लखनऊ,(आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन केवल एक आधारभूत परियोजना का लोकार्पण नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। यह एयरपोर्ट प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश के लिए उद्योग, व्यापार, पर्यटन, निर्यात, लॉजिस्टिक्स, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। इससे गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र सहित आसपास के अनेक जिलों में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी, किसानों को बाजार से जोड़ेगी, व्यापारियों को नई सुविधा देगी और निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को और अधिक आकर्षक बनाएगी।उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रैपिड रेल, मेट्रो परियोजनाएं, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और लगभग पूर्णता की ओर बढ़ रहा गंगा एक्सप्रेसवे मिलकर विकास की एक नई संरचना तैयार कर रहे हैं। यह केवल सड़क, रेल और हवाई संपर्क का विस्तार नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, जीवनशैली और अवसरों को बदलने वाली परिवर्तनकारी यात्रा है। इन परियोजनाओं से समय की बचत, व्यापार की सुगमता, उद्योगों का विस्तार और क्षेत्रीय संतुलित विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी।पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि उत्तर प्रदेश को विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता और सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट इसी परिवर्तनकारी यात्रा का एक ऐतिहासिक अध्याय है और इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को नई उड़ान, नई पहचान और नए अवसरों से जोड़ा गया है।



# कायस्थ पाठशाला की नियमावली के विरुद्ध कर रहे मनमाना संशोधन- डा सुशील सिन्हा

प्रयागराज(आरएनएस)। शिक्षा एवं समाज सेवा के लिये मुंशी काली प्रसाद एवं अन्य दान–दाताओं के सहयोग से बनी कायस्थ पाठशाला की पंजीकृत नियमावली में अनेक अनियमित्ताओं के विरुद्ध आज प्रेस क्लब में डॉ० सुशील कुमार सिन्हा के अध्यक्षता से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में डॉ० सुशील सिन्हा ने कहा की उनकी अध्यक्षता कार्यकाल में बनाये गये नये हजारों सदस्यों को मताधिकार से वंचित करने एवं पूराने सदस्यों को कथित (एसआईआर) मतदाता पुनरीक्षण अभियान को एक मात्र समाचार पत्र में प्रकाशित करा कर देश–विदेश में रहने वाले सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने का कुचक रखने के लिये बर्तमान सत्ताधारियों ने न्यूनतम 100 सदस्यों के कोरम से उनकी सदस्यता समाप्त करने के लिये नियमों से मनचाहा संशोधन किया है। जबकि कायस्थ पाठशाला के सदस्यों की संख्या लगभग 40 हजार सदस्यों की है। पूर्व कार्यकारिणी सदस्य दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा की भू–माफिया अपने कायस्थ पाठशाला के सम्पत्ति का बंदरबाट किया जा रहा है। वर्तमान समय पर शिक्षा के स्थान पर शादी घरों एवं होटल अन्य व्यवसायिक किया कलाप करके अवैध लाभ अर्जित किया जा रहा है।29 मार्च को होने वाले आम सभा ने असमाजिक तथ्यों के साथ मिलकर जन विरोधी प्रस्ताव जो कि पूर्व से पारित किये गये उनकी पुष्टि हेतु कराने की मंशा है। जिसका विरोध करने के लिये नये एवं पुराने सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या मे उक्त आम सभा में 4रू30 बजे के० पी० कम्युनिटी में होनी है जिसमे सभी न्यासीगण उपस्थित होकर विरोध दर्ज करें।ज्ञातव्य है कि नियमों की अवहेलना कर फर्जी तरीके से कायस्थ पाठशाला वर्तमान सत्ता पर कब्जा करने के लिये सर्वोच्य न्यायालय में डॉ० सुशील कुमार सिन्हा की चुनाव याचिका जो कि मण्डलायुक्त के यहां लम्बित है की शीघ्र सुनवाई का आदेश दिया है। सुनवाई के इसी कम में सुनवाई अन्तिम रूप मे चल रही है जिसका परिणाम शीघ्र सार्वजनिक होगा। प्रेस वार्ता में अभिनव श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष, नीरज सिन्हा एडवोकेट, अजय कुमार श्रीवास्तव रामू दादा, निशीथ वर्मा, योगेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, पी.पी. कुलश्रेष्ठ, अखिलेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, सत्यशील सहाय ने अपनी बात कही।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनाया सारस का प्रतीक, 'विकास के साथ विरासत' की सोच को मिला नया आयाम

जेवर, लखनऊ(आरएनएस ) । नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी ब्रांड पहचान को वैश्विक स्तर पर प्रभावी और विशिष्ट बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को अपने प्रतीक (लोगो) के रूप में अपनाया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विजन को दर्शाती है, जिसमें विकास के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व दिया जा रहा है। सारस उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी होने के साथ–साथ समृद्ध परंपरा और प्रकृति का प्रतीक है। एयरपोर्ट के लोगो में इसे शामिल करना राज्य की विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जो "विकास के साथ विरासत" की अवधारणा को और मजबूत करती है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोगो का डिजाइन तकनीक और पर्यावरण के संतुलन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। लोगो को पतली और एकीकृत रेखाओं से बनाया गया है, जो गति, कनेक्टिविटी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का संकेत देती हैं। इसमें प्रयुक्त नीले–हरे रंग का ग्रेडिएंट तकनीकी प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है, जो प्रदेश में ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट की नीति के अनुरूप है।लोगो में उड़ते हुए सारस को प्रगति, आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। यह राज्य को वैश्विक निवेश और कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित करने के विजन को भी प्रतिबिंबित करता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का यह नया प्रतीक न केवल इसकी ब्रांडिंग को सशक्त बना रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी अलग और प्रभावी पहचान स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।यह एयरपोर्ट अब केवल एक परिवहन केंद्र तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि संस्कृति, आधुनिकता और सतत विकास के समन्वय का प्रतीक बनकर उभर रहा है, जो उत्तर प्रदेश की नई पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# काल्विन अस्पताल के डॉक्टर को घेरकर लात-घूसे मारे

### मुकदमा दर्ज, एक हिरासत में

प्रयागराज(आरएनएस )। काल्विन मंडलीय अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर को दिनदहाड़े घेरकर बदमाशों ने लात–घूसे बरसाए। डंडे से भी चोट पहुंचाई। शिकायत के बावजूद डॉक्टर को टरकाया जाता रहा। वह लगातार चक्कर काटते रहे तब जाकर 11 दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि डॉक्टर खुद पहले एफआईआर नहीं दर्ज कराना चाहते थे। एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित डॉक्टर मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सर्जरी डिपार्टमेंट में जूनियर रेजीडेंट हैं। उनकी ड्यूटी इन दिनों मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (कॉल्विन) में चल रही है जहां वह तीन महीने के प्रशिक्षण पर हैं। उन्होंने बताया कि बीती 14 मार्च को वह ओपीडी खत्म करने के बाद दोपहर में अपने कमरे पर वापस जाने के लिए अस्पताल से निकले। एमडीआई अस्पताल के सामने पानी की बोतल खरीदने के लिए वह एक दुकान पर रुके।अभी वह पानी खरीद ही रहे थे कि तभी वहां दो बाइक पर सवार होकर पांच लड़के आए। उनमें से एक युवक ने उन्हें बाहर खींच लिया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। घेरकर लात–घूंसे बरसाए। साथ ही बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। वह छोड़ने की गुहार लगाते रहे लेकिन हमलावर उन्हें पीटते रहे। जब राहगीरों की भीड़ जुटने लगी तो हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। जाते–जाते धमकी भी दी कि पुलिस में गए तो जान से मार देंगे। उन्होंने इस घटना की सूचना अपने सीनियर डॉक्टरों को दी और इसके बाद उसी दिन शाहगंज थाने में तहरीर दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पानी बेचने वाले समेत आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाया, जिसमें हमलावर नजर भी आए। डॉक्टर ने उसी दिन तहरीर भी दी। डॉक्टर का कहना है कि इसके बाद वह लगातार कार्रवाई की गुहार लगाते रहे।

# बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को 24 घंटे में राहत राशि देने के निर्देश, 20 करोड़ रुपये जारी

लखनऊ, (आरएनएस )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों और परिवारों को राहत राशि का त्वरित वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारी बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली तथा आंधी–तूफान से हुई फसल क्षति का आकलन कर 24 घंटे के भीतर प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।प्रमुख सचिव राजस्व द्वारा शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सभागार में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली और आंधी–तूफान से हुई फसल क्षति, जनहानि, मकान क्षति तथा पशुहानि के संबंध में राहत राशि वितरण की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, अपर जिलाधिकारी (राजस्व) तथा राजस्व एवं राहत विभाग के कार्मिकों को संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता के आधार पर राहत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा सभी जिलाधिकारी प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित करें।उन्होंने बताया कि राहत राशि निर्गत करने के लिए शासन स्तर पर बजट की कोई कमी नहीं है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा 15 मार्च 2026 से अब तक 20 करोड़ रुपये की राहत धनराशि विभिन्न जनपदों को जारी की जा चुकी है। यदि किसी जनपद में बजट की कमी हो तो तत्काल राहत आयुक्त कार्यालय से अतिरिक्त धनराशि की मांग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने राहत वितरण कार्यों में शिथिलता बरतने वाले लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।प्रमुख सचिव ने आमजन से अपील की कि राहत राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर राहत आयुक्त कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1070 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा 31 मार्च तक विभिन्न जनपदों में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली तथा आंधी–तूफान की चेतावनी जारी की गई है, ऐसे में आमजन सतर्क रहते हुए सावधानीपूर्वक अपने कार्य करें। साथ ही जिलाधिकारियों को अपने–अपने जनपदों में खराब मौसम से संबंधित सूचनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार विभिन्न माध्यमों से कराने के निर्देश दिए गए हैं।उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक बेमौसम बारिश के कारण प्रदेश में कुल 17 जनहानि और 11 पशुहानि दर्ज की गई है, जबकि सहारनपुर और ललितपुर जनपदों में 1661.75 हेक्टेयर फसल क्षति हुई है।

# ऐतिहासिक नाटक तुगलक का प्रभावपूर्ण मंचन

प्रयागराज।(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग सें उमंग फाउंडेशन की नवीनतम प्रस्तुति के अन्तर्गत आज प्रसिद्ध नाटककार गिरीश कर्नाड द्वारा रचित ऐतिहासिक नाटक तुगलक का प्रभावपूर्ण मंचन गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्याल के सभागार में किया गया। राहुल शर्मा की परिकल्पना एंव निर्देशन में नाटक के कलाकारो द्वारा मंच सें जीवंत एवं प्रभावशाली प्रस्तुति ने सत्ता, राजनीति और मानव स्वभाव की दशा को इतिहास के पन्नो सें उजागर कर दर्शकों को अतीत की गहराईयों में ले जाकर आदर्शवादी व्यक्ति की सबसे विशेष खूबी संतुलन बनाये रखने की शिक्षा को देने का असरदार प्रयास किया है। यह प्रस्तुति केवल ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति नहीं बल्कि समाज के लिए एक आईना है जो जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा का सशक्त मंच बनकर उभरी जिसने दर्शकों में गहरी विचारधारा को जन्म दिया। नाटक तुगलक की कहानी दिल्ली सल्तनत के शासक मूहम्मद बिन तुगलक के जीवन और शासन पर आधारित है। नाटक में तुगलकध को एक बुद्धिमान, आदर्शवादी लेकिन विरोधाभासी शासक के रूप में दिखाया गया है। अंततः नाटक यह दर्शाता है कि उच्च आदर्शों और वास्तविकता के बीच संतुलन न बना पाने के कारण तुगलकध का पतन होता है। नाटक में तमाल बोस, अनामिका सिंह, गुरुदत्त पांडे, शशांक पांडेय, रोहित श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, ललित कुमार, आनंद यादव, विनय गुज्जर, सनुज प्रजापति, रवि सिन्हा, ओम प्रकाश केवलानी ने अभिनय किया वहीं म्यूजिक आकाश दयाल एवं प्रकाश रोजी मिश्रा द्वारा कर गया।

# प्रयागराज परिवार और एलिट इलेवन अंतिम आठ में

प्रयागराज।(आरएनएस ) प्रीतम नगर रात्रिकालीन टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रीक्वार्टर फाइनल राउंड में प्रयागराज परिवार और एलिट इलेवन ने अपने–अपने मैच जीतकर अंतिम आठ में जगह बनाई। सदाबहार क्लब के तत्वावधान में प्रतियोगिता प्रीतम नगर गोकुल आवास स्थित पीला पार्क में खेला जा रहा है। प्रीक्वार्टर फाइनल के आज के मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रचंड इलेवन की टीम ने 6 विकेट खोकर 35 रन (रोहित 11 रन, शेख मोहसिन 2 विकेट, करन सोनकर एक विकेट) बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज परिवार इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 6 ओवर में एक विकेट खोकर 36 रन (शुशील 14, अजय 10 शेख मोहसिन 8 रन और यजुर्व एक विकेट) बनाकर मुकाबला 9 विकेट से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच में बेहतरीन खेल दिखाने वाले शेख मोहसिन को टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व सेकेट्री अनुराग सिंह ने उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।दूसरे मुकाबले में एलिट इलेवन पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पे 37 रन (मिंशू 23 रन, मनीष 2 विकेट, देव और गौरव एक–एक विकेट) बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शाहबाज इलेवन मात्र 13 रन (राज आर्या 6 रन, फकर 5 विकेट, नितेश और विनय एक–एक विकेट) पर पूरी टीम आउट हो गयी। इस तरह एलिट इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फकर को शानदार गेंदबाजी (1 ओवर 2 रन 5 विकेट) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अनीता सिंह ने दिया।पियूष श्रीवास्तव और राजेश सिंह ने मैच में अंपायरिंग, जबकि मृणाल अरोड़ा ने स्कोरिंग व लाइव एवं सत्यम शुक्ला ने कमेंट्री की। थर्ड अम्पायर की भूमिका मयंक श्रीवास्तव ने निभाई।

# नौकरी का झांसा देकर 3.80 लाख की ठगी व शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ,(आरएनएस ) ।थाना विकासनगर पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 80 हजार रुपये की ठगी करने, शारीरिक शोषण करने तथा कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर गर्भपात का प्रयास करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस के अनुसार 1 मार्च 2026 को शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना विकासनगर में मु0अ0सं0 41ध2026 के तहत धारा 64(1), 78, 89, 115(2), 123, 318(4), 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा धारा 66 ई सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अभियोग की धाराओं में संशोधन किया गया।जांच के क्रम में अभियुक्त अंकुर अग्रवाल (उम्र 38 वर्ष) पुत्र नवल किशोर अग्रवाल, निवासी ग्राम पडरौना थाना पडरौना जनपद कुशीनगर, हाल पता सी–2ध327 सेक्टर–एफ, जानकीपुरम लखनऊ, गिरफ्तारी हेतु वांछित चल रहा था। थाना विकासनगर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 28 मार्च 2026 की रात्रि लगभग 12रू50 बजे सेक्टर–एफ जानकीपुरम स्थित उसके घर के सामने से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बाद में अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार लखनऊ भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने पीड़िता को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 3 लाख 80 हजार रुपये हड़प लिए। इसके बाद बहला–फुसलाकर पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध शारीरिक शोषण किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर अभियुक्त ने धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और गर्भपात कराने का प्रयास किया।इस कार्रवाई में थाना विकासनगर की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक रामकुमार, उपनिरीक्षक आनन्द कुमार, मुख्य आरक्षी अनुज कुमार, महिला आरक्षी सीमा चौरसिया तथा आरक्षी रघुवीर शामिल रहे।

# रेल कर्मचारी एक अप्रैल को काला दिवस मनाएंगे- मनोज पाण्डेय

### रेल कर्मचारियों की पत्नी एवं बच्चे भी जताएंगे विरोध

प्रयागराज। न्यू पेन्शन स्कीम (एन पी एस ) के विरोध में इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन ने एक अप्रैल को भारतीय रेलवे के सभी जोनो एवं उत्पादन इकाइयों में काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है।उक्त जानकारी देते हुए इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के महामंत्री मनोज पाण्ड्येय ने बताया की फेडरेशन की कोर कमेटी ने इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरसिंह कुमार की अध्यक्षता सपन्न हुई वर्चुअल मीटिंग में नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेन्शन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु से विचार–विमर्श करने के बाद एक अप्रैल को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है।उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारी अपने–अपने कार्यस्थल पर ही काला फीता बांध कर एनपीएस यूपीएस गो बैक पुरानी पेन्शन बहाल करो, निजीकरण भारत छोडो का नारा लगा कर अपना विरोध दर्ज कराते हुए काला दिवस मनाएंगे। रेल कर्मचारियों की पत्निया एवं बच्चे भी एन पी एसध्यू पी एस वापस जाओ पुरानी पेन्शन बहाल करो के नारे को बुलन्द कर अपना विरोध दर्ज कराएँगे।इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय ने कहा कि पुरानी पेन्शन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य का आधार है हक है हमारा हम इसे लेके रहेंगे चाहे इसके लिए किसी भी हद तक जाना पड़ेद्यफेडरेशन की कोर कमेटी के वर्चुअल मीटिंग में कामरेड नर सिंह कुमार, कामरेड मनोज पाण्ड्येय, कामरेड राजेन्द्र प्रसाद पाल, कामरेड कमल उसरी, कामरेड पुष्पेंद्र त्रिपाठी, कामरेड संदीप तिवारी, कामरेड रमेश सिंह, कामरेड संजय तिवारी, कामरेड नीलम पाण्डेय, कामरेड सुधा देवी आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

# पीएनजी सेवाओं के विस्तार पर उच्च स्तरीय बैठक में ए.के. शर्मा की सहभागिता, लंबित एनओसी मामलों के त्वरित निस्तारण का दिया आश्वासन

लखनऊ,(आरएनएस )। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित "पीएनजी सेवाओं के विस्तार एवं आवश्यक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण" विषयक उच्च स्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सहभागिता की।यह महत्वपूर्ण बैठक समूह मंत्रियों (ळवड) के 25 मार्च 2026 के निर्णय के क्रम में आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मनोहर लाल खट्टर तथा प्रह्लाद जोशी सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (ब्ळक) नेटवर्क के विस्तार, पीएनजी कनेक्शन वितरण में तेजी तथा शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित ऊर्जा उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश में हो रही प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) से संबंधित कुछ प्रकरण लंबित हैं, जिनमें बहराइच, वाराणसी, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए वे स्वयं विशेष ध्यान केंद्रित करेंगे।उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकायों के निदेशक को निर्देश दिए जाएंगे कि एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके।मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सीजीडी परियोजनाओं को गति देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि इस विषय पर वे व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखेंगे और शीघ्र तथा प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेंगे, जिससे आमजन को सुलभ, सुरक्षित और स्वच्छ ऊर्जा सेवाएं उपलब्ध हो सकें।बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और मजबूत करते हुए शहरी विकास को नई गति देने पर विशेष बल दिया गया।

# जेवर से प्रयागराज के पर्यटन, कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों के निर्यात को मिलेगी नई उड़ान

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा में 11,200 करोड़ की लागत से तीव्र कनेक्टिविटी देने वाले अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (प्रथम चरण) का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जेवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पूर्वांचल के कई शहरों को फायदे होंगे जिसमें संगम नगरी प्रयागराज भी शामिल है। जेवर एयरपोर्ट की कार्गो सर्विस से प्रयागराज के कृषि और औद्यानिकी उत्पादों की वैश्विक बाजार में पहुंच आसान होगी। कुंभ और महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए अधिक और बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे।अभी प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट से देश के अन्य शहरों की फ्लाइट कनेक्टिविटी सीमित है। इस समय देश के 6 प्रमुख शहरों के साथ प्रयागराज शहर की एयर कनेक्टिविटी है। प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट के निदेशक राजेश चावला बताते हैं कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) से प्रयागराज के बीच सीधी फ्लाइट के लिए डीजीसीए से अनुमति मिल चुकी है।

# युवक ने कभी कोई कारोबार नही किया फिर भी तीन जिलों में खुल गयी फर्म, बकाया सुनकर उड़े होश

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जी हाँ! खबर बेहद चौंकाने वाली है। सुल्तानपुर के युवक ने कभी कोई कारोबार नही किया फिर भी तीन जिलों में खुल गयी फर्म, बकाया जीएसटी सुनकर उड़े होश। कभी देवरिया तो कभी मिर्जापुर दौड़ लगाई। जब 1,11,51,537 का जीएसटी बिल मिला तो उड़े होश। आपको बता दें कि नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले के शुभम श्रीवास्तव हैं। पीड़ित शुभम के कहे को सच मानें तो वह दो माह से एक फार्मा कम्पनी में कार्य करते हैं। प्रार्थी का नगर के बांधमंडी भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाता है। बीते साथ दिसंबर को सब्जी खरीदने के बाद जब वह अपने पएकांउट से ऑनलाइन पेमेंट करना चाहा तो उसमे से पेमेंट नहीं हुआ तो उन्हें आश्चर्य हुआ। वह भागे भागे बैंक गए तो बैंक वालो ने बताया कि आपका जीएसटी बकाया है। इस कारण आपके खाते में प्रॉब्लम चल रही है। प्रार्थी शुभम कई बार एसबीआई बैंक गए लेकिन उसे बैंक वाले गोलमोल जवाब देते रहे। तभी शुभम शहर के जिला पंचायत परिसर के अन्दर स्थित जीएसटी ऑफिस गया वंहा से पता चला की शुभम के नाम से बलिया, देवरिया तथा मिर्जापुर में एक करोड़ 11 लाख 51,537६ रूपए जीएसटी बकाया है। पीड़ित ने बताया कि जीएसटी ऑफिस में बताया कि मैं कोई व्यवसाय नहीं करता हू। बीते 18 मार्च को जीएसटी ऑफिस मिर्जापुर जनपद गया तो वहां ज्ञात हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी का आधार पैन लगाकर फ्रॉड व जालसाजी करते हुए उपरोक्त तीनो जीएसटी नंबर जारी कराकर प्रार्थी के नाम से कोई व्यवसाय कर रहा है।

# पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला किया, खुद का गला रेता दोनों रेफर

दोस्तपुरध्सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव में शनिवार सुबह एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी ने खुद को भी घायल कर लिया। गंभीर हालत में दोनों को अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना चंद्रभान निषाद और उनकी पत्नी पूजा (लगभग 30 वर्ष) के बीच हुई। विवाद का मुख्य कारण चंद्रभान की नशे की लत थी। पूजा द्वारा इसका विरोध करने पर चंद्रभान ने कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद आरोपी ने स्वयं का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास भी किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए अंबेडकरनगर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ अनिरुद्ध सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, चंद्रभान और पूजा की शादी छह साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, दीपाली (5 वर्ष) और भोला (2 वर्ष)। चंद्रभान की शराब और गांजे की लत के कारण पूजा अक्सर अपने मायके में रहती थीं। चंद्रभान पांच दिन पहले ही उन्हें ससुराल से वापस घर लाए थे। सीओ विनय गौतम ने बताया कि पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



# पेड़ कटान को लेकर विवाद, मारपीट व असलहा लहराने का आरोप

सुलतानपुर(आरएनएस )। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में पेड़ कटान को लेकर ठेकेदार और काश्तकार के बीच विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान मारपीट, तोड़फोड़ की गई और असलहा लहराकर मजदूरों को भगा दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार ठेकेदार दिलीप उपाध्याय निवासी भगवानपुर पखनपुर गोसाईंगंज ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह जयसिंहपुर क्षेत्र के सेवतरी गांव में तालाब पर नीलामी में मिले पेड़ों की कटाई मजदूरों से करवा रहे थे।इसी दौरान बालीपुर निवासी अशोक वर्मा मौके पर पहुंच गए और पेड़ों को अपनी जमीन का बताते हुए पांच लाख रुपये की मांग करने लगे।आरोप है कि रुपये न देने पर अशोक वर्मा 10–15 लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर दी तथा कई कुंतल कटी हुई लकड़ी, कुल्हाड़ी व अन्य सामान जबरन उठा ले गए। इसके बाद लाइसेंसी बंदूक लहराकर मजदूरों को भगा दिया, जिससे मजदूर जान बचाकर मौके से भाग गए।बताया जा रहा है कि यह विवाद गांव के तालाब की गाटा संख्या 312 पर लगे पेड़ों की नीलामी से जुड़ा है। नीलामी की जानकारी मिलने पर काश्तकार अशोक वर्मा ने दावा किया था कि कुछ पेड़ उनकी जमीन पर हैं और उन्होंने नीलामी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एसडीएम से शिकायत भी की थी। एसडीएम के निर्देश पर चकबंदी लेखपाल की रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि तालाब किनारे लगे लगभग दो दर्जन पेड़ अशोक वर्मा के खाते में दर्ज हैं, जिसके बाद विवाद और गहरा गया।ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का मौके पर किया जा रहा निस्तारण

चांदासुलतानपुर(आरएनएस )। चांदा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रशासनिक सक्रियता और जनसुनवाई का प्रभावी स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने की, जिनके नेतृत्व में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति रही। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर तनवीर खां, कानूनगो एवं हल्का लेखपाल मौके पर मौजूद है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध और न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है थाना समाधान दिवस के आयोजन से क्षेत्रीय लोगों में विश्वास बढ़ा है और प्रशासन के प्रति सकारात्मक संदेश जा रहा है।

# अवधी को गूगल की भाषा बनाने पर व्याख्यान देंगे ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

## तीस मार्च को लखनऊ में आयोजन

सुलतानपुर(आरएनएस )। अवधी भाषा को गूगल की भाषा कैसे बनाया जाय इस विषय को लेकर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' लखनऊ में व्याख्यान देंगे। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के भारतीय भाषा संस्थान व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा लखनऊ में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन एवं भविष्य विषय पर अलग अलग दिनों में अलग अलग स्थान पर विभिन्न विद्वानों का व्याख्यान हो रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सोमवार तीस मार्च को विशिष्ट वक्ता के रूप में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व चर्चित साहित्यकार ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि अवधी भाषा को गूगल की भाषा बनाकर इंटरनेट पर सशक्त करने को लेकर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम अर्जुनगंज स्थित उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के सभागार में होगा।

# किशोरी के साथ चार युवकों ने किया मुंहकाला

जौनपुर(आरएनएस )। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शौच करने गए किषोरी के साथ नकाबपोश चार युवकों ने गेहूं के खेत में सामूहिक दुष्कर्म किया, जब हालत गंभीर हो गई तो खेत में ही दुष्कर्मी युवती को छोड़कर फरार हो गए। घटना तीन दिन पहले की रात की बताई जाती है।बताया जाता है कि एक गांव में 26 मार्च की रात 9 बजे नाबालिक लड़की षौच के लिए घर के बगल में गई हुई थी। जहां पर चार युवक उसको जबरदस्ती घर से 500 मीटर दूर गेहूं के खेत में उठा लें गये और वहां बारी–बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। जब हालत गंभीर हो गई तो चारों छोड़कर फरार हो गए। इधर रात अत्यधिक होने के कारण जब किषोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू किया तो गंभीर अवस्था में उसे घर से 500 मीटर दूर गेहूं के खेत में पड़ी हुई मिली। आरोप है कि जाते जाते नकाबपोश युवकों ने नाबालिक को धमकाया कि अगर किसी से बताया तो पूरे परिवार को जान से मारकर खत्म कर देंगे। चारों युवकों के डर से परिजनों ने किसी से भी घटना की जानकारी नहीं दिया और युवती की इलाज करवाया इसके बाद घटना का पता आसपास के लोगों चला तो कुछ लोगों ने परिवार वालों को हिम्मत दिया और शुक्रवार की शाम पीड़ित युवती को लेकर कोतवाली पुलिस के पास पहुंचकर सामूहिक दुष्कर्म करने की तहरीर दिया।

# सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव

सुल्तानपुर(आरएनएस )। लिटिल फ्लावर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओमनगर सुल्तानपुर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. पी. सिंह रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र–छात्राओं ने शिक्षा पर आधारित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया और दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवशंकर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षा को बोझ न समझें, शिक्षा ही मनुष्य का तीसरा नेत्र है।" उनके इस संदेश ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुरस्कार भी वितरित किए गए। बेस्ट मदर अवार्ड सरिता जायसवाल एवं प्रांशु माथुर को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट फादर अवार्ड अनलेश विक्रम राव एवं मोहम्मद तबीब आलम को मिला। बेस्ट टीचर का सम्मान महिमा अग्रहरि को दिया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा पीजी में अमृतांश पटेल, जूनियर केजी में विवांक तिवारी, एसकेजी में आरवी पटेल, कक्षा एक में काव्या माथुर, कक्षा दो में सात्विक पाण्डेय, कक्षा तीन में आकृति यादव, कक्षा चार में मृदुला, कक्षा पांच में इकरा अरशद, कक्षा छह में आदित्य मिश्रा, कक्षा सात में नव्या सिंह, कक्षा आठ में विनायक त्रिपाठी, कक्षा नौ में बुशरा अरशद तथा कक्षा 11वीं में अरहमा अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। यह वार्षिक उत्सव सभी के लिए एक यादगार प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक आयोजन साबित हुआ।




# माधव टांडा से लखनऊतक गोमती नदी पदयात्रा प्रारंभ सरकार एवं जनसमर्थन से माँ गोमती के पुनर्जीवन का प्रयास- गोमती बचाओ जीवन बचाओ

माधव टांडा / पीलीभीत यूपी

गोमती नदी संरक्षण को लेकर पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा गोमती दर्शन पदयात्रा का कार्यक्रम शनिवार को गोमती नदी के उद्गम स्थल माधव टांडा से शुरू किया गया



गोमती दर्शन यात्रा के अंतर्गत माँ गोमती के संरक्षण एवं पुनर्जीवन को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जनसहभागिता के साथ–साथ प्रशासनिक सहयोग भी प्रमुख रूप से देखने को मिला, जो इस अभियान की सफलता का आधार बनेगा

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, विधायक बाबूलाल पासवान, ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार एवं महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने माँ गोमती के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

वृक्षारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

माधव टांडा में गोमती नदी के उदगम स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना द्वारा एक नीम का वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। साथ ही हरिशंकरी वृक्ष (पीपल, बरगद एवं पाकड़) का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने समाज को संदेश दिया कि नदियों के किनारे अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, जिससे नदियों का संरक्षण, जलधारा की निरंतरता एवं पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

वन मंत्री का वक्तव्य माधव टांडा से गाजीपुर तक नदी के तटों पर लगाए जाएंगे हरे भरे छायादार पेड़

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार माँ गोमती के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि जहाँ–जहाँ से संभव हो, माँ गोमती में जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा उसे पुनर्जीवित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने वेटलैंड्स के पुनर्जीवन को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि माँ गोमती उत्तर प्रदेश की जीवनदायिनी नदी है और इसके संरक्षण में जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गोमती तटों पर प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा पर्यावरण अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें।

माधव टांडा में वन सफारी की घोषणा

वन मंत्री ने पीलीभीत के माधव टांडा वन क्षेत्र को वन्य सफारी के रूप में विकसित करने की घोषणा की तथा संबंधित डीएफओ को शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ज्ञापन सौंपा गया

कार्यक्रम के दौरान गोमती दर्शन संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में माँ गोमती से जुड़े झील, तालाब एवं वेटलैंड्स के पुनर्जीवन हेतु मनरेगा के माध्यम से सफाई कर उन्हें पुनः जल से भरने, सहायक नदियों के संरक्षण, नालों के वैज्ञानिक ट्रीटमेंट तथा गोमती को राज्य नदी का दर्जा देने जैसी महत्वपूर्ण मांगें प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

गोमती दर्शन संस्था एव समाजसेवियों की सक्रिय भूमिका

गोमती नदी संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यक्रम में गोमती दर्शन संस्था के संयोजक एडवोकेट अनुराग पांडे एवं अध्यक्ष श्वेता सिंह समाज सेवी दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज अंतरराष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के अन्य पदाधिकारियों में श्रीमती सोनी सिंह उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला महामंत्री संजीव श्रीवास्तव महामंत्री ललित मिश्रा (अधिवक्ता) अरविंद पांडे (संगठन मंत्री), पवन मिश्रा हिमांशु मिश्रा अंकुर पांडे, शनि साहू, ग्राम प्रधान योगेश्वर सिंह एवं निर्वय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त महामना मालवीय मिशन द्वारा भी एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें सड़कों एवं नदियों के किनारे "पंचवटी" के रूप में वृक्षारोपण का प्रस्ताव रखा गया। इस पर वन मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

गोमती दर्शन संस्था के संयोजक एडवोकेट अनुराग पांडे ने माँ गोमती के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया, वहीं संस्था की अध्यक्ष श्वेता सिंह ने नदियों में गिरने वाले नालों को तत्काल बंद कर उनके जल का वैज्ञानिक ट्रीटमेंट सुनिश्चित करने की मांग की।

गोमती नदी संरक्षण को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं समाजसेवी दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज ने कहा

यह कार्यक्रम माँ गोमती के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के लिए किया जा रहा है इसमें सरकार एवं जनसहयोग के संयुक्त प्रयास ही गोमती नदी बचाने का एक मात्र विकल्प है और हम सभी का सामूहिक प्रयास एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन रहा है

गोमती नदी के तटों पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं

तिरंगा महाराज ने कहा सभी सामाजिक लोगों को सभी सामाजिक संगठनों को गोमती नदी संरक्षण के लिए आगे आना होगा और मिलकर कदम उठाने होंगे तभी हम अपने प्राकृतिक संसाधनों जीवन दायिनी गोमती माता को बचा पाएंगे जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा गोमती नदी के तट पर हम किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके लिए हर स्तर से कदम उठाए जाएंगे जिसके लिए हम लोग तैयार हैं सरकार को आगे आकर गोमती नदी को राज्य नदी घोषित कर उसके संरक्षण के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

# हाईवे पर कोयले से लदा ट्रक पलटा

जौनपुर(आरएनएस )। बदलापुर तहसील के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 731 (जौनपुर–सुल्तानपुर मार्ग) पर कलिंजरा मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक पलट गयी। बताया जा रहा है कि कोयले से लदा यह ट्रक सुल्तानपुर की ओर जा रहा था, तभी कलिंजरा मोड़ के समीप चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक कोयले से भारी मात्रा में लदा हुआ था। मोड़ पर असंतुलित होने के कारण यह हादसा हुआ।ट्रक पलटने के बाद भारी मात्रा में कोयला सड़क किनारे फैल गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी बड़े जान–माल के नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है, लेकिन मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# हादसे में चाचा-भतीजा घायल

जौनपुर(आरएनएस )। गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चाचा–भतीजा घायल हो गए। हादसा प्रसाद स्कूल के पास हुआ, जब दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। घटना में सेवईनाला निवासी 34 वर्षीय प्रदीप यादव पुत्र मंगरू यादव के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार भतीजा 13 वर्षीय अंश यादव पुत्र गुड्डू यादव को मामूली चोटें आई हैं। दोनों किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चौकिया जा रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं अंश यादव का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

# इण्टर लाकिंग और नाली का लोकार्पण किया

जौनपुर(आरएनएस )। नगर पालिका परिषद, अन्तर्गत वार्ड हुसैनाबाद पी०डब्लू०डी० कालोनी में तारकेश्वर नाथ मन्दिर से आवास संख्या–डी 73 अमित सिंह के मकान होते हुए विकास चन्द्र श्रीवास्तव के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 15.02 लाख, मछलीशहर पड़ाव बाबाजी कुटिया के पास इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 8.41 लाख, वार्ड कटघरा मो० तारापुर कालोनी में उपेन्द्र सिंह के मकान से गुलाव यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य 2.35 लाख तथा मो० खानपुर अकबर में नरेश कुमार के मकान से बहवा तक 900 एम०एम० डाया हम पाईप द्वारा जलनिकासी कार्य 14.11 लाख का लोकापर्ण अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, श्रीमती मनोरमा मौर्या द्वारा किया गया।

# रास्ते और सीवर लाइन को बंद करने का विरोध किया

जौनपुर (आरएनएस )। नगर के तारापुर तकिया मोहल्ले में एक पुराने रास्ते और सीवर लाइन को बंद करने के प्रयास को लेकर विवाद गहरा गया है। मोहल्ले के निवासियों ने अपने पड़ोसी कल्लू शाह और उनके साथियों पर रास्ता रोकने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र से शिकायत की है। यह घटना 26 मार्च को हुई थी। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि यह रास्ता उनके आवागमन का एकमात्र मार्ग है। इसी रास्ते के नीचे से मोहल्ले का सीवर नाला भी गुजरता है, जिससे गंदा पानी और बरसात का पानी बहता है। आरोप है कि कल्लू शाह इस रास्ते को बंद कर बरसाती पानी के बहाव को भी रोकना चाहते हैं, जिससे क्षेत्र के निवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।इस रास्ते को लेकर पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका है। 26 मार्च को कल्लू शाह कथित तौर पर अपने साथियों के साथ रास्ते और सीवर को बंद करने के इरादे से ईंटें रखने लगे। जब निवासियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन्हें गाली–गलौज की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई।निवासियों ने प्रशासन से कल्लू शाह पुत्र खलील और उनके साथियों को रास्ता तथा सीवर नाला बंद करने से रोकने का आग्रह किया है। उन्होंने रास्ते पर किसी भी प्रकार का अवरोधा या दीवार बनाने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# फसल क्षति की सूचना देकर लाभ उठायें

जौनपुर (आरएनएस )। उप कृषि निदेशक ने बताया है कि हाल ही में हुई बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि और चक्रवात से बीमित किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी फसल क्षति की सूचना दे सकते हैं। किसानों को फसल नुकसान की सूचना घटना के 72 घंटे के भीतर देनी होगी। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14447 का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, किसान श्क्रॉप इंश्योरेंस ऐपश् और व्हाट्सएप चौटबॉट नंबर 7065514447 के माध्यम से भी अपनी जानकारी साझा कर सकते हैं। योजनाओं से संबंधित विस्तृत और आधिकारिक जानकारी के लिए किसान फसल बीमा पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। डिजिटल माध्यमों के अतिरिक्त, यदि किसानों को फसल बीमा से संबंधित कोई समस्या आती है तो वे त्वरित समाधान के लिए अपने जनपद के उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। जनपद में कार्यरत एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से भी सीधे सहायता प्राप्त की जा सकती है। सरकार का लक्ष्य इन विभिन्न माध्यमों के जरिए आपदा की स्थिति में किसानों को समय पर राहत पहुंचाना और फसल बीमा प्रक्रियाओं को अधिक सुलभ बनाना है।

# डिजिटल परिवर्तन के दौर में समन्वय की आवश्यकता

जौनपुर(आरएनएस )। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में "कॉरपोरेट प्रणाली में उभरते मुद्दे एवं चुनौतियां" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत शनिवार को विश्वविद्यालय के अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में हुई । इस संगोष्ठी में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया और समकालीन विषयों पर अपने विचार साझा किए।उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति प्रो. योगेश उपाध्याय ने कहा कि आज विश्व भारतीय प्रतिभा को सम्मान दे रहा है, परंतु साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव ने नई चुनौतियों को जन्म दिया है। भारतीय समाज में ईमानदारी और आपसी विश्वास की सुदृढ़ परंपरा रही, किंतु समय के साथ इसमें गिरावट आई है, जिस पर गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है।उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि पहले श्रम की आवश्यकता के लिए लोगों को विभिन्न देशों में भेजा गया, बाद में मशीनों ने मानव श्रम का स्थान लिया और अब बुद्धिमत्ता के स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई है। उनके अनुसार, यह प्रतिस्पर्धा केवल मनुष्य और मशीन के बीच नहीं, बल्कि एक नई "प्रजाति" के उभरने का संकेत है, जिसका प्रभाव भविष्य में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देगा।

# इरान के लिए दिन-रात आंसू बहाने वाले कश्मीरी नेताओं ने कभी पंडितों के साथ क्यों नहीं दिखाई हमदर्दी?

अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं, तो अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे क्यों नहीं मिले? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं तो क्या कश्मीरी पंडितों से मिलकर उनसे वापस अपने घर लौटने का आग्रह नहीं करना चाहिए था? मीरवाइज उमर फारूक ने नयी दिल्ली में ईरान के राजदूत से मुलाकात कर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया और ईरान के साथ एकजुटता व्यक्त की। लेकिन सवाल यह है कि जब कश्मीरी पंडितों को घाटी से मार कर भगाया जा रहा था तब यह संवेदना कहां थी? तब अमन का पैगाम लेकर ये नेता सामने क्यों नहीं आए थे? क्या उस दौर में इंसानियत की जरूरत नहीं थी? क्या तब किसी प्रतिनिधिमंडल को कश्मीरी पंडितों के घरों तक जाने की फुर्सत नहीं मिली थी? सवाल उठता है कि क्यों आज अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर इतनी सक्रियता दिखती है, लेकिन अपने ही समाज के जख्मों पर सन्नाटा छा जाता है? क्या यह चयनात्मक संवेदनशीलता नहीं है? क्या एक धर्म विशेष के लिए ही एकजुटता दिखाना अब राजनीति का हिस्सा बन गया है? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं, तो अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे क्यों नहीं मिले? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं तो क्या कश्मीरी पंडितों से मिलकर उनसे वापस अपने घर लौटने का आग्रह नहीं करना चाहिए था? देखा जाये तो कश्मीर में ईरान के समर्थन में प्रदर्शन होते हैं, दान अभियान चलते हैं, बड़े नेता दूतावास पहुंचते हैं, लेकिन क्या कभी कश्मीरी पंडितों के लिए ऐसा कोई व्यापक अभियान चला? क्या उनके दर्द को उसी गंभीरता से लिया गया? सवाल उठता है कि आखिर यह दोहरा मापदंड क्यों है? क्यों एक समुदाय के मुद्दे पर भावनाएं उमड़ती हैं और दूसरे पर खामोशी छा जाती है? क्या संवेदनाएं भी चयनात्मक हो गई हैं? जहां तक मीरवाइज के दिल्ली दौरे की बात है तो आपको बता दें कि श्रीनगर से कश्मीर के कई धार्मिक संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल नयी दिल्ली पहुंचा और ईरान के राजदूत से मुलाकात कर वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। उन्होंने न केवल संवेदना व्यक्त की, बल्कि ईरान के लोगों के साथ एकजुटता भी दिखाई।





प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका और इजराइल पर आरोप लगाते हुए युद्ध की निंदा की और शांति बहाल होने की उम्मीद जताई ।असली सवाल यहीं से शुरू होता है। क्या यह वही कश्मीर नहीं है जहां कभी हजारों कश्मीरी पंडितों को अपने घर छोड़ कर भागना पड़ा था। क्या यह वही घाटी नहीं है जहां उनके कत्लेआम की खबरें आई थीं। तब यह धार्मिक संगठन, यह मौलाना, यह नेता कहां थे। तब अमन का संदेश क्यों नहीं दिया गया। तब किसी प्रतिनिधिमंडल ने पंडितों के आंसू पोंछने की कोशिश क्यों नहीं की?मीरवाइज उमर फारूक और उनके साथियों ने ईरान के साथ गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक रिश्तों की बात कही। उन्होंने कश्मीर को ईरान ए सगीर तक बताया। यह बयान बताता है कि उनकी सोच किस दिशा में झुकी हुई है। लेकिन क्या उन्हें यह याद नहीं कि कश्मीर की पहचान केवल किसी एक धर्म से नहीं, बल्कि उसकी विविधता से रही है। कश्मीरी पंडित उस पहचान का अभिन्न हिस्सा थे और हैं। दिल्ली में ईरानी राजदूत से मिलना, संवेदना जताना, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बयान देना आसान है। लेकिन क्या कभी इन नेताओं ने दिल्ली या देश के अन्य हिस्सों में बसे कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे मुलाकात की। क्या उन्होंने कभी उन्हें वापस घाटी आने का भरोसा दिलाया। अगर मीरवाइज सच में अमन का पैगाम देना चाहते, तो उन्हें सबसे पहले अपने घर के जख्म भरने चाहिए थे। यह भी गौर करने वाली बात है कि कश्मीर में खामेनेई की मौत के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, दान अभियान चलाए गए, लोगों ने पैसा, सोना, यहां तक कि मवेशी तक दान दिए। राजनीतिक नेताओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला जैसे बड़े नाम ईरानी दूतावास पहुंचे और अपनी संवेदना दर्ज कराई। यह सक्रियता बताती है कि एक खास मुद्दे पर कितनी तेजी से लामबंदी हो सकती है। लेकिन यही सक्रियता कश्मीरी पंडितों के मामले में क्यों नहीं दिखी? क्यों उनके दर्द को नजरअंदाज किया गया? क्यों उनके लिए कोई बड़े स्तर का अभियान नहीं चला, यही वह सवाल है जो आज कश्मीर के नेतृत्व की नीयत और प्राथमिकताओं पर गहरे संदेह खड़े करता है। सच यह है कि अमन का पैगाम चयनात्मक नहीं हो सकता। अगर आप सच में शांति चाहते हैं, तो आपको हर पीड़ित के साथ खड़ा होना होगा, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। केवल एक धर्म विशेष के साथ एकजुटता दिखाना और दूसरे की पीड़ा को अनदेखा करना न तो नैतिक है और न ही स्वीकार्य। आज जरूरत है कि कश्मीर के नेता आत्ममंथन करें।

# सम्पादकीय

## चुप रहना आत्म-सम्मान को तिलांजलि देना

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन पर भरोसा करना कठिन होता चला गया है। वह ना तो द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बनी सहमतियों पर कायम रहता है, और ना ही यह भरोसा रहता है कि वार्ता जारी रहने के दौरान वो कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

भारत (एवं कुछ अन्य देशों) के खिलाफ अपने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत जांच फिर शुरू करने का अमेरिका का फैसला सीधे तौर पर उस विश्वास पर चोट है, जिसके आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वार्ता चल रही है। अमेरिका का ट्रंप प्रशासन पहले ही व्यापार के सभी मान्य कायदों को तोड़ चुका है। उसने एकतरफा टैरिफ युद्ध छेड़ कर भारत जैसे देशों पर दबाव बनाया। साफ है, उस कारण शुरू हुई व्यापार वार्ता में जो सहमतियां बनीं, वह उस पर भी कायम नहीं है। चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मनमाना टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति के अधिकार को संकुचित कर दिया, तो अब ट्रंप ने विभिन्न देशों को घेरने का नया हथकंडा अपनाया है।

भारत सहित 60 देशों के खिलाफ उसने यह जांच शुरू की है कि क्या उन देशों से अमेरिका में होने वाले उत्पादों को तैयार करने में जबरिया मजदूरी का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही कुछ क्षेत्र में कथित ओवर कैपिसिटी और अति उत्पादन जैसी संभावनाओं की जांच भी शुरू की गई है। अपने कानून के तहत अपने अधिकारियों द्वारा की गई जांच में जिन देशों को दोषी पाया जाएगा, ट्रंप प्रशासन उन पर टैरिफ या प्रतिबंध लगा सकेगा। आर्थिक शब्दावली में ऐसे कदमों को गैर–व्यापार रुकावटें माना जाता है। मुक्त व्यापार के दौर में एकतरफा ढंग से डाली गई ऐसी रुकावटों का कोई तर्क नहीं हो सकता।

दरअसल, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का रुख ऐसा है कि उसकी जुबान पर भरोसा करना लगातार कठिन होता चला गया है। वह ना तो द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बनी सहमतियों पर कायम रहता है, और ना ही यह भरोसा किया जा सकता है कि वार्ता जारी रहने के दौरान वो कोई कार्रवाई नहीं करेगा। जबकि अंतरराष्ट्रीय सहमति, समझौते और व्यवहार में जो चीज सबसे अहम होती है, वह विश्वसनीयता ही है। इसलिए उचित होगा कि भारत अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से बाहर निकल आए। या वार्ता जारी रखने के लिए कम–से–कम 301 जांच को खत्म करने की शर्त लगाए। भारत पहले ही अत्यधिक रियायतें दे चुका है। अब चुप रहना आत्म–सम्मान को तिलांजलि देना होगा।

## मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम का संकेत

बिहार से नीतीश कुमार की विदाई सिर्फ एक व्यक्ति की राजनीति का अंत नहीं है। न ही एक पार्टी की राजनीति के कमजोर होने का संकेत है। यह मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम का संकेत है। एक एक करके वैसे भी मंडल की राजनीति करने वाले नेता राजनीतिक परिदृश्य से लुप्त हैं। मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और रामविलास पासवान का निधन हो गया है, जबकि लालू प्रसाद यादव चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। अब वे सक्रिय राजनीति करने में भी शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं। मंडल राजनीति की आखिरी बड़े नेता नीतीश कुमार हैं, जिनका रिटायरमेंट प्लान भाजपा ने तैयार कर दिया है। सोचें, जिस नीतीश कुमार ने जीवन भर मुख्यमंत्री बने रहने की राजनीति की और तमाम किस्म के गठबंधन बदल दिए उनको कहना पध्ड़ा है कि वे एक बार राज्यसभा जाकर देखना चाहते थे। ध्यान रहे नीतीश ने कई बार सहयोगी बदले। गठबंधन की पार्टियां बदलीं लेकिन मुख्यमंत्री बने रहे। करीब 20 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद अब वे राज्यसभा जा रहे हैं।नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना या मुख्यमंत्री पद छोड़ना अपने आप में मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम नहीं है। असली बात यह है कि उनके हाथ से बिहार की कमान निकल रही है। बिहार की राजनीति अब पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के हाथ में जा रही है। भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा और बिहार की राजनीति लगभग पूरी तरह से दो ध्रुवीय हो जाएगी। नीतीश की पार्टी रहेगी लेकिन वह भाजपा पर निर्भर होगी। दूसरी ओर तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद होगा, जिसके साथ कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों का गठबंधन है। सो, मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम के साथ साथ कह सकते हैं कि बिहार में बहुध्रुवीय राजनीति अब ज्यादा केंद्रीकृत होगी। भाजपा के मजबूत होने और राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने से उसके साथ वाली बाकी पार्टियों की हैसियत कमजोर होगी, चाहे वह पार्टी चिराग पासवान की हो या उपेंद्र कुशवाहा की या जीतन राम मांझी की हो।

# यूएस शांति प्लान को ईरान द्वारा ठुकराए जाने के अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक निहितार्थ क्या हैं?

अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विशेषज्ञ बताते हैं कि ईरान द्वारा यूएस शांति योजना अस्वीकृति से मध्य पूर्व युद्ध अनिश्चितकाल तक लंबा खिंच सकता है, क्योंकि कोई नया समझौता होता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, जिस तरह से पहले यूक्रेन के पीछे पूरा यूरोपध्अमेरिका खड़े थे, अब ईरान के पीछे रूसध् चीन जैसे कद्दावर देश खड़े हो चुके हैं।यदि आप देश–दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने के बजाए लाभप्रद और वर्चस्वमय हिंसा–प्रतिहिंसा को बढ़ावा देने की सीख सिखाने के आदी हो चुके हैं, तो सावधान हो जाइए। यह आपकी अप्राकृतिक हरकत है जिसकी कीमत आपको कभी न कभी चुकानी ही पड़ेगी। यह अकाट्य सत्य है क्योंकि देर–सबेर हुतात्माओंध्निरीह पशु–प्राणियों के आत्मा के चक्रब्यूह (जबरदस्त गोलबंदी) में आप घिरेंगे और फिर आपके साथ भी वही होगा, जिसके सबक बेदर्द इतिहास के पन्नों में भरे पड़े हैं। जो बोइयेगा, वही काटियेगा, यह प्रकृति का अपरिवर्तित नियम है। सनातन धर्म में अकाल मृत्यु का स्रोत ऐसे ही प्रारब्ध जनित कर्मों का प्रतिफल है। आतंक उत्पादक और निर्यातक अमेरिका–ईरान इसी अकाट्य नैसर्गिक नियम के शिकार होते प्रतीत हो रहे हैं, फिर भी उन्हें सद्‌बुद्धि नहीं आई है, जबकि इजरायल तो अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए जूझ रहा है। वह धर्मयुद्ध का शिकार है। वह अल्पसंख्यक यहुदी होने की कीमत चुका रहा है। वहीं, शांतिप्रिय और गुटनिरपेक्ष देश भारत चाहकर भी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना सबके दिलोदिमाग में नहीं जगा पा रहा है। उसके सर्वे भवंतु सुखिनः वाली सोच की धज्जियां पाकिस्तान उड़ा–उड़वा रहा है। इसलिए सबको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है। चाहे रूस–यूक्रेन युद्ध हो या भारत–पाकिस्तान युद्ध या फिर संभावित चीन–ताइवान युद्ध, या फिर अन्य द्विदेशीय सीमा संघर्ष, सबको टालना, टलवाना जरूरी है। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र संघ को कठोर होना पड़ेगा। वीटो पावर प्राप्त पांचों देशों को और अधिक जिम्मेदार बनना पड़ेगा। हथियारों और दवाओं को कारोबार नहीं, बल्कि सुरक्षा और सेवा के नजरिये से देखना पड़ेगा।

ऐसा इसलिए कि पूरी दुनिया में इस्लामिक शासन लाने के स्वप्नद्रष्टा देश ईरान द्वारा पूंजीवादी लोकतांत्रिक मुल्क अमेरिका के 15 सूत्री अमेरिकी शांति योजना को ठुकरा दिया है। इससे मध्य पूर्व में तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति को प्रभावित कर रहा है। इससे युद्ध का अभूतपूर्व विस्तार और द्विपक्षीय बर्बादी तय है। कूटनीतिक मामलों के जानकारों के मुताबिक, जहां ईरान ने अमेरिकी 15–सूत्री योजना (जिसमें परमाणु सुविधाओं का विघटन और मिसाइल सीमाएं शामिल हैं) को ष्अत्यधिकष बताकर खारिज कर दिया, वहीं ईरान ने अमेरिकी–इजरायल गुटबंदी के ऊपर अपनी पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखीं हैं, जैसे युद्ध क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता और हमलों का अंत आदि। इससे संघर्ष लंबा खिंच सकता है, क्योंकि ईरान हमले जारी रखे हुए है। इस पूरे प्रकरण में कठोर क्षेत्रीय प्रतिक्रियाएं मिली हैं। जहां अरब–खाड़ी देशों, यथा– सऊदी, यूएई आदि और जॉर्डन ने ईरान की कार्रवाइयों की निंदा की, वहीं परस्पर एकजूट होकर ईरान की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं पर विराम लगाने के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई। साथ ही, यूएनएससी में प्रस्ताव लाया गया। जबकि अमेरिकी एजेन्ट पाकिस्तान बनावटी मध्यस्थ बना रहा है, लेकिन सबके बीच पारस्परिक अविश्वास गहरा गया है। जहां तक वैश्विक प्रभाव की बात है तो संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि होर्मुज बंद होने से तेल (20: वैश्विक आपूर्ति) कारोबार प्रभावित हो रहा है, जिससे कीमतें +100 पहुंचीं और अर्थव्यवस्थाएं चरमरा रही हैं। इससे प्रभावित यूरोप, भारत, पूर्वी एशियाई देश और अन्य ने शांति की मांग की, जबकि अपना शांति प्रस्ताव खारिज होते ही अमेरिका ने और अधिक सैनिक ईरान की ओर भेज दिए हैं। इससे कूटनीतिक चुनौतियां भी उपजी हैं। जहां यह अस्वीकृति ट्रंप प्रशासन की पहल को झटका देती है, वहीं ईरान को मजबूत बनाती है और मध्यस्थों (पाकिस्तान, मिस्र) की भूमिका कमजोर करती है। इससे भविष्य में सैन्य एस्केलेशन या नए मध्यस्थ (रूस?) का उभार संभव है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विशेषज्ञ बताते हैं कि ईरान द्वारा यूएस शांति योजना अस्वीकृति से मध्य पूर्व युद्ध अनिश्चितकाल तक लंबा खिंच सकता है, क्योंकि कोई नया समझौता होता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, जिस तरह से पहले यूक्रेन के पीछे पूरा यूरोपध्अमेरिका खड़े थे, अब ईरान के पीछे रूसध् चीन जैसे कद्दावर देश खड़े हो चुके हैं। इससे इस युद्ध में युद्धोन्मादी देश अमेरिका की मिट्टी पलीद हो रही है। यूरोप का नाटो भी पूरी तरह से अमेरिका के पक्ष में खड़ा नहीं है, बल्कि अपना हाथ खींच चुका है। इससे ईरान के हौसले बुलंद हैं। विशेषज्ञों के इस युद्ध से जुड़े अनुमान पहले 4–6 सप्ताह के थे, लेकिन अब महीनों या उससे अधिक का खतरा बता रहे हैं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने युद्ध को 4–5 सप्ताह का बताया था, जबकि पेंटागन ने 4–6 सप्ताह का अनुमान लगाया। लेकिन 26 दिनों बाद भी हमले जारी हैं, ईरान ने भी जबर्दस्त काउंटर किया है। उसने युद्ध रोकने सम्बन्धी एक काउंटर–प्रस्ताव भी रखा हुआ है। वर्तमान स्थिति यह है कि ईरान ने 15–सूत्री योजना को ष्अनुचितष ठहराया, और अपनी शर्तें (क्षतिपूर्ति, होर्मुज नियंत्रण) रखीं। वहीं, अमेरिका 50,000 सैनिक भेज चुका है, जिससे और संघर्ष तीव्र होता जा रहा है। विशेषज्ञ भविष्यवाणियां दिलचस्प हैं। पूर्व सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि न्यूनतम 4–5 सप्ताह लेकिन ष्महीनोंष लग सकते हैं। कुछ विश्लेषक ईरान की हार मानते हैं लेकिन अवधि लंबी होने पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा। इसका कोई निश्चित अंत नहीं है, क्योंकि मध्यस्थ असफल दिखाई दे रहे हैं। भले ही ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है, जो पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी अपनी जिद छोड़नी होगी। अन्यथा पूरी दुनिया की आर्थिक बर्बादी तय है।वैसे तो, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है।

# सत्ता बदलने के लक्ष्य से हमला

अजीत द्विवेदी

पुरानी कहावत है कि चुनाव से पहले, युद्ध के दौरान और शिकार के बाद सबसे ज्यादा झूठ बोले जाते हैं। सो, ईरान में युद्ध चल रहा है और झूठ की चौतरफा बौछार हो रही है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि युद्ध अमेरिका ने शुरू नहीं किया लेकिन इसे खत्म अमेरिका करेगा। हालांकि सारी दुनिया ने देखा कि अमेरिका और इजराइल ने दिन दहाड़े हमले की शुरुआत की और एक संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता को मार डाला। दूसरी ओर अमेरिका से ही एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि पेंटागन ने कांग्रेस की समिति के सामने कहा है कि उनके पास कोई खुफिया सूचना नहीं थी कि ईरान हमला करने जा रहा है। इसका अर्थ है कि कांग्रेस के सामने पेंटागन की ओर से कुछ और कहा जा रहा है और पेंटागन के प्रमुख मीडिया के सामने कुछ और कह रहे हैं।इसी तरह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अभी तो हमला शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी सबसे बड़ा हमला करेगा और उधर पेंटागन से खबर है कि वहां के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से लेकर तमाम रक्षा जानकार इस बात की चिंता में हैं कि अमेरिका के मिसाइल और हथियारों का भंडार तेजी से खत्म होता जा रहा है। अमेरिकी रक्षा क्षेत्र में यह चिंता इसलिए है क्योंकि जितनी तेजी से मिसाइल और दूसरे हथियार खर्च हो रहे हैं उतनी तेजी से उन्हें बनाया नहीं जा सकता है। इस चिंता का एक पहलू यह भी है कि अगर युद्ध का कोई नया मोर्चा खुला या उत्तर कोरिया और चीन की ओर से कुछ हुआ, जिसका जवाब अमेरिका को देना पड़े तो क्या होगा? लेकिन ट्रंप सबसे बड़े हमले की बात कर रहे हैं।ऐसे ही राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि जरुरत पड़ी तो वे अमेरिकी सेना को ईरान की जमीन पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि वे पिछले राष्ट्रपतियों की तरह नहीं हैं जिन्होंने हमेशा जमीनी सेना उतारने से इनकार किया। ट्रंप ने यह ऐसी बात कही है, जिस पर किसी को यकीन नहीं होगा। ईरान में जमीनी सैनिक उतारना अमेरिका के लिए बहुत मुश्किल वाला फैसला होगा। इसका कारण यह है कि ईरान में उसके पास कोई जमीनी सपोर्ट सिस्टम नहीं है। दूसरे, ईरान के पास 11 लाख से ज्यादा की संख्या वाली बहुत व्यवस्थित सेना है, जिसमें दो लाख आईआरजीसी के प्रशिक्षित कमांडो जैसे सैनिक हैं। तीसरे, ईरान नौ करोड़ से ज्यादा आबादी वाला देश है। चौथे, उसकी भोगोलिक सीमाएं बहुत विशाल हैं।



वह इजराइल से 70 गुना बड़े क्षेत्रफल वाला देश है। पांचवें, ईरान में लंबी लंबी पहाड़ों की शृंखलाएं हैं और दुर्गम क्षेत्र बहुत बड़ा है। सोचें, गाजा जैसे छोटे से इलाके में दो साल से युद्ध चल रहा है, जिसमें 70 हजार लोग मारे गए हैं फिर भी इजराइल जीत नहीं पाया है, जबकि गाजा एक ऐसा जमीन का टुकड़ा है, जो इजराइल और मेडिटेरेनियन समुद्र के बीच दबा हुआ है। जब वहां दो साल से लड़ाई खत्म नहीं हो रही है तो ईरान जैसे विशाल और बड़ी आबादी वाले देश में कैसे अमेरिका जमीन पर सैनिक उतारेगा? सो, ऐसा लग रहा है कि यह झूठ भी ईरान की फौज को डराने और लोगों को बगावत के लिए उकसाने के मकसद से बोला गया है।बहरहाल, यह इतिहास का संभवतरू पहला युद्ध होगा, जो वार्ता विफल होने की वजह से नहीं, बल्कि वार्ता सफल होने की वजह से लड़ा जा रहा है। ईरान और अमेरिका की वार्ता में मध्यस्थता कर रहे ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमाद अल बुसैदी ने 28 फरवरी को कहा कि दोनों देशों के बीच वार्ता अंतिम दौर में है और समझौते का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान यह गारंटी देने को तैयार हो गया है कि वह कभी भी परमाणु बम नहीं बनाएगा। साथ ही वह इस बात के लिए भी तैयार हो गया है कि इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी यानी आईएईए की टीम उसके परमाणु ठिकानों का दौरा करके जांच कर ले। लेकिन बुसैदी के यह कहने के तुरंत बाद अमेरिका और इजराइल ने साझा हमला शुरू कर दिया। याद करें इसी तरह पिछले साल जून में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 14 दिन का समय दिया था और तीसरे ही दिन हमला शुरू कर दिया था। फरवरी 2026 के हमले में गोलपोस्ट कैसे बदल रहा है यह देखना भी बहुत दिलचस्प है। पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों को नष्ट करने के लिए हमला हुआ है। हालांकि यहां भी सवाल उठता है कि जब जून 2025 के हमलों के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु संयंत्रों को श्ओबलिटेरेट्य कर दिया गया यानी नामोनिशान मिटा दिया गया तब फिर आठ महीने में ही परमाणु संयंत्र कैसे काम करने लगे। बहरहाल, युद्ध शुरू होने के बाद ट्रंप ने कहा कि इस्लामिक क्रांति के बाद बनी इस्लामिक रिपब्लिक की सत्ता बदलने के लक्ष्य से हमला किया गया है। यानी परमाणु ठिकानों को खत्म करना लक्ष्य नहीं है, बल्कि सत्ता बदलना लक्ष्य है।

अब पहला सवाल है कि सत्ता क्यों बदलनी है? इसका सीधा जवाब है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया की भू राजनीतिक स्थितियों को हमेशा के लिए बदल देना है। उसे स्थिर सत्ता और सैन्य ताकत वाले इकलौते मजबूत देश ईरान को समाप्त करना है। सद्दाम हुसैन का इराक खत्म हो गया, गद्दाफी का लीबिया और असद का सीरिया भी समाप्त हो गया। अगर ईरान की इस्लामिक रिपब्लिक की सत्ता समाप्त हो जाती है तो पूरे पश्चिम एशिया में इजराइल इकलौती महाशक्ति बचेगा। ध्यान रहे अमेरिका ने पश्चिम एशिया के बाकी देशों का आर्थिक हित या तो अपने साथ जोड़ लिया है या इजराइल से जुड़वा दिया। सो, यह युद्ध एक बड़े लक्ष्य के लिए है, जिसे निश्चित रूप से इजराइल ने तय किया है।

अब दूसरा सवाल है कि सत्ता कैसे बदलेगी? हवाई हमले में नेताओं को और कुछ सैनिक कमांडरों को मारा जा सकता है या इमारतें ध्वस्त की जा सकती हैं। सत्ता परिवर्तन तो उससे नहीं हो सकता है। सत्ता परिवर्तन के दो मॉडल हैं। या तो अमेरिका जमीनी फौज उतारे और ईरान के तमाम फौजी कमांडरों, गार्जियन कौंसिल के सदस्यों और धर्मगुरुओं को मार डाले या उनको बंधक बना कर वहां अपने समर्थन वाले किसी व्यक्ति को गद्दी पर बैठाए। इराक में उसने ऐसा किया था। दूसरा मॉडल लीबिया और सीरिया वाला है। इन देशों में पहले से सशस्त्र संघर्ष चल रहा था। सीरिया में तो 2012 से ही गृह युद्ध छिड़ा हुआ था। इसलिए वहां अमेरिका को अपनी फौज उतारने की जरुरत नहीं पड़ी थी। आतंकवादियों के हथियारबंद गिरोहों में से एक गिरोह को समर्थन देकर सत्ता में बैठा दिया गया। सीरिया में अमेरिका ने उस जिहादी को गद्दी पर बैठाया है, जिस पर करीब सौ करोड़ रुपए का इनाम खुद अमेरिका ने रखा था। बहरहाल, यह मॉडल भी ईरान में नहीं चल सकता है क्योंकि वहां कोई सशस्त्र विद्रोह नहीं चल रहा है और कोई हथियारबंद गिरोह सरकार के खिलाफ नहीं लड़ रहा है। आम लोग जरूर लड़ते हैं लेकिन वह उनके मानवाधिकारों की लड़ाई होती है। अमेरिका ने जिस तरह से हमला करके वहां के सर्वोच्च धर्मगुरु अयातुल्ला खामेनेई को मारा है उसके बाद राष्ट्रवाद की भावना मजबूत हुई है। ऐसे मौकों पर आमतौर पर ऐसा होता है। तभी जनता का लोकप्रिय समर्थन मिलने की संभावना भी कम हो जाती है।

सो, यह लाख टके का सवाल है कि सत्ता में बदलाव कैसे होगा? यह भी सवाल है कि अगर सत्ता नहीं बदलती है तो अमेरिका क्या मुंह लेकर युद्ध से निकलेगा? ध्यान रहे बाहर से किए जाने वाले सत्ता परिवर्तन के नतीजे दुनिया ने देखे हैं। हर बार ऐसे प्रयोग विफल रहे हैं और जहां भी ऐसा किया गया है वहां हिंसा और अस्थिरता बढ़ी है। तभी यह आशंका है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में एक और इराक बना कर वहां से निकल जाएगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि

आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करायेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए–नए विचार आयेंगे,

वृष राशि–

आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे।

मिथुन राशि।

आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनायेंगे। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा।

कर्क राशि–

घर के सहयोग से आप हर चीज को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी,

सिंह राशि–

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा।

कन्या राशि–

आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

तुला राशि–

आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी।

वृश्चिक राशि–

अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

धनु राशि–

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है।

मकर राशि–

आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ राशि–

आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे।

मीन राशि

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में की गई मेहनत आज रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

# श्रीराम ने वनवास के द्वारा जगत का कल्याण किया

बस्ती । मनुष्य को उसका कर्म ही सुख या दुःख देता है। सुख दुःख का कारण जो अपने अन्दर खोजे वही सन्त है। जीव को अपने कर्म के कारण जन्म लेना पड़ता है और ईश्वर स्वेच्छा से प्रकट होते हैं। कुसंग तो हर किसी को बिगाड़ देता है। कुसंग के कारण ही कैकेयी की मति भ्रष्ट हो गयी और अपने पति दशरथ का अपमान कर कैकेयी ने श्रीराम के लिये 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। "तापस बेष बिसेषि उदासी। चौदह बरसि रामु बनवासी।। यह सद् विचार कथा व्यास स्वरूपानन्द जी महाराज ने नारायण सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा दुबौलिया बाजार के राम विवाह मैदान में आठवें दिन व्यक्त किया।

श्रीराम वन गमन, केवट प्रसंग आदि के माध्यम से श्रीराम कथा को विस्तार देते हुये वेदान्ती जी ने कहा कि सभी प्रकार की अनुकूलता होते हुये यदि मन किसी विषय में न जाय वही वैराग्य है। वनवास से जीवन में सुवास आता है। प्रभु श्रीराम ने वनवास कर जगत का कल्याण किया। केवट प्रसंग का वर्णन करते हुये महात्मा जी ने कहा '' जासु नाम सुमिरत एक बारा। उतरहि नर भव सिन्धु अपारा।। '' केवट भाग्यशाली था कि वह प्रभु के दोनों चरणों की सेवा कर सका। वह पूर्व जन्म में क्षीर समुद में कश्यप था और नारायण की सेवा करना चाहता था किन्तु लक्ष्मी जी और शेष जी ने अनुमति नहीं दिया। आज लक्ष्मी जी सीता बनी है और शेष लक्ष्मण। गंगा पार कराने के बाद केवट ने अगूंठी लेने से बार–बार इन्कार किया तो लक्ष्मण जी उसे स्वीकारने के लिये आग्रह करने लगे, केवट ने कहा मैं और राम एक ही जाति के हैं, मैं अपने भाई से दाम कैसे लूं। मैं लोगों को गंगा पार कराता हूं राम चन्द्र जी संसार सिन्धु के केवट है।

श्रीराम महिमा का गान करते हुये महात्मा जी ने कहा कि राम तो परमानन्द स्वरूप है। जो उनका स्मरण करते हैं उन्हें दुख नहीं होता। विभिन्न प्रसंगों के क्रम में महात्मा जी ने कहा कि जीवन में कुछ नियम होने चाहिये। जिसके जीवन में कुछ शुभ संकल्प नही है वह पशु से भी अधम है। श्रीराम का वनवास में जगत के कल्याण का हेतु है। "जिनके कपट दम्भ नहीं माया। तिनके हृदय बसहु रघुराया।। महात्मा जी ने कहा कि लक्ष्मण वैराग्य है, सीता जी परा भक्ति का स्वरूप हैं, राम परमात्मा है। जब भी संकल्प करो, शुभ ही करो।

श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास का विधि विधान से मुख्य यजमान संजीव सिंह ने पूजन किया। आयोजक बाबूराम सिंह, अनिल सिंह सहयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह पूर्व प्रमुख विक्रम सिंह शाखा प्रबंधक हरिश्चंद्र पांडे नंदकिशोर पांडे गणेश तिवारी अजय मिश्रा जी शुक्ल, सुनील सिंह सूर्यवंशी जगदम्बा सिंह सूरज सिंह अनूप सिंह अरुण अजय सिंह लक्ष्य सिंह , जय प्रकाश, नरेन्द्र गुप्ता, सत्यवान सोनी, राम कुमार, रन बहादुर यादव, , गंगासागर पाण्डेय, राजेश सिंह, कृष्णदत्त द्विवेदी, सुनील सिंह, अनूप जसवंत सिंह, सत्यनरायन द्विवेदी, राजेश सिंह, गोरखनाथ सोनी, डा. वी. के. मलिक, महिमा सिंह, विभा सिंह, इन्द्रपरी सिंह, शीला सिंह, सोनू सिंह, हर्षित, वर्धन, साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक श्रीराम कथा में उपस्थित रहे।

## पॉली हाउस योजना में फंसे 42 लाख, किसान ने उद्यान विभाग के साथ फर्म पर लगाए गंभीर आरोप

बस्ती। देशभर में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई जा रही एकीकृत बागवानी विकास मिशन पर उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद से गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। यहां एक किसान ने आरोप लगाया है कि पॉलीहाउस स्थापना में अनुदान का झांसा देकर उससे लाखों रुपये वसूले गए, लेकिन तीन साल बाद भी परियोजना अधूरी है और जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कप्तानगंज विकास खंड के बढ़नी गांव निवासी किसान आलोक रंजन वर्मा का कहना है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत वर्ष 2023 में उन्हें 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र में हाईटेक पॉलीहाउस स्थापित करने के लिए योजना के तहत चुना गया। परियोजना की कुल लागत लगभग 58 लाख रुपये आंकी की गई, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान का आश्वासन दिया गया था।किसान के अनुसार, उद्यान विभाग की ओर से नैतिक एग्री नामक फर्म को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया। आरोप है कि फर्म ने बैंक के माध्यम से अलग–अलग किस्तों में करीब 42 लाख रुपये वसूल लिए, लेकिन आज तक पॉलीहाउस का निर्माण पूरा नहीं किया गया। अब फर्म के प्रतिनिधि संपर्क में भी नहीं हैं।मामले में सबसे बड़ा सवाल विभागीय जवाबदेही को लेकर उठ रहा है। किसान का आरोप है कि उसने कई बार जिला उद्यान अधिकारी और मंडलीय स्तर के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन तीन साल में भी न तो जांच पूरी हुई और न ही फर्म के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई। इससे विभाग और फर्म के बीच संभावित मिली भगत की आशंका जताई जा रही है।पॉलीहाउस में जरबेरा जैसी व्यावसायिक फसल उगाने की तैयारी में किसान पहले ही भारी निवेश कर चुका है। खेत में गोबर की खाद, लगभग 50 क्विंटल नीम खली और अन्य पोषक तत्व डाले जा चुके हैं।

## 247 लाभार्थियों को मिले राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा गाह फरवरी में कुल 247 लाभार्थियों को स्वी.ति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 567 लाभार्थियों को स्वी.ति प्रदान की जा चुकी है। नवीन स्वी.ति प्राप्त 247 लाभार्थियों को बजट की उपलब्धता के आधर पर प्रति लाभार्थी 30 हजार रुपए की धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से आधार बेस्ड प्रणाली द्वारा लाभार्थियों के सीधे बैंक खातों में करते हुए लाभान्वित किया जायेगा।राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ है। योजनान्तर्गत परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया (महिला या पुरुष) की मृत्यु 18 वर्ष या उससे अधिक और 60 वर्ष से कम आयु में हो जाती है तो मृतक के पारिवारिक सदस्य पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करते हुये योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## अभ्युदय योजना के लिए करें आवेदन

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारित विभाग द्वारा अभ्युदय योजना के घटक वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्य योजना संचालित की गयी है। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, वृद्धजनों के लिए अनुमोदित गतिविधियां चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करायी जायेगी। योजनान्तर्गत उपनिदेशक समाज कल्याण की अध्यक्षता में जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव समिति गठित की गयी है। समिति द्वारा श्रेणी–3 के अन्तर्गत जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए निधारित अर्हताओं एवं चयनित संस्थाओं को आवश्यक एवं परस्थितियों के अनुरूप कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी।

## कोल-मुसहर-धरकार को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग, मड़िहान तहसील पर धरना-प्रदर्शन

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील में शुक्रवार को दलित कोल आदिवासी संगठन के तत्वाधान में कोल, मुसहर और धरकार समुदाय के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन और महाजन सभा का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मड़िहान तहसील परिसर में एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोल, मुसहर और धरकार जातियों को अनुसूचित जाति में रखा गया है, जबकि पड़ोसी राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार में इन जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया गया है। वक्ताओं का कहना था कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी इन समुदायों का समुचित विकास नहीं हो सका है, इसलिए इन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाना आवश्यक है। धरना–प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखते हुए कहा गया कि उत्तर प्रदेश में कोल, मुसहर और धरकार जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए। साथ ही वन अधिकार अधिनियम 2006–07 को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। जंगल के किनारे बसे आदिवासी परिवारों के घर न गिराए जाएं तथा भूमिहीन आदिवासियों को जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं वहीं आवासीय और कृषि भूमि का पट्टा दिया जाए। इसके अलावा आदिवासियों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों को वापस लेने की भी मांग की गई।सभा में मौजूद लोगों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आगे भी आंदोलन जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर गोपीनाथ कोल, कुसुम, रामबली, हीरामणि कोल, अर्जुन कोल, सुरेश कुमार बौद्ध, रज्जन कोल, रामनारायण कोल, महेंद्र कोल, और धरकार आदिवासी समुदाय के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पांच दिन से लापता जमीन कारोबारी की

### सिरसी नहर में उतराया दिखा शव मचा हड़कंप

### 'मृतक के चालक ने बताई कहानी, आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस

मीरजापुर। जनपद के संतनगर अंतर्गत थाना सिरसी बांध के मुख्य नहर के गेट पर साड़ी में बंधा शव उतराया हुआ दिखाई देने पर सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी। नहर में शव उतराया हुआ दिखाई देने की सूचना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई, लोग दहशत में आ गए। सूचना पर थाना संतनगर की पुलिस ने शव को गेट से नहर में लाकर अथाही में बाहर कराया। शव किसी व्यक्ति का रहा है जिसकी पहचान के लिए पुलिस ने व्हाट्सप ग्रुप के सहयोग से सूचना प्रसारित कराई तो कुछ ही देर में पडोसी जनपद सोनभद्र से इंस्पेक्टर घोरावल ब्रजेश सिंह के साथ आए मृतक के भाई घासी मौर्य व मृतक का चालक रोहित ने शव को कुंवर मौर्य के रूप में पहचान किया। शव देखते ही भाई का रो–रो बुरा हाल हो गया। मृतक के भाई घासी मौर्य ने बताया कि उनका भाई 50 वर्षीय कुंवर मौर्य पुत्र स्वर्गीय कालिका निवासी ग्राम लकुआ थाना धानापुर, जनपद चंदौली का निवासी था। वह लालगंज, मीरजापुर में कमरा लेकर जमीन की खरीद–फरोख्त बतौर एजेंट करता था।उसका थाना संतनगर अंतर्गत पड़रिया के शेखर मौर्य और घोरावल थाना क्षेत्र के नौगढ़वा निवासिनी लीलावती से संबंध रहा। कुंवर 22 मार्च को घर से लालगंज के लिए निकला था और 26 मार्च तक घर नहीं पहुंचा जबकि उसके साथ गया चालक घर आ गया था तो शक के आधार पर चालक से भाई के बारे में जानकारी लिया तो उन्होंने घटना की पूरी जानकारी दिया। चालक रोहित ने बताया कि वह दो वर्ष से कुंवर की टोयटा एटीयोश कार चलाता था। 22 मार्च को लगभग दो बजे उन्हें लेकर लालगंज के लिए निकला। मुझसे बताए कि पैसा के लेन–देन हेतु नौगढ़वा आ गए। जहां लीलावती के घर पहले से शेखर मौर्य उपस्थित थे। रात को मैं सोया था मुझे जगाएं और बोले कि तुम्हारे मालिक को मार दिया है। शव गाड़ी में है चलो सीधे लाश को पानी में दबाना है वरना तुम्हे भी मार डालूंगा। मरता क्या न करता गाड़ी लेकर रात में सिरसी लाए। जहां वही लोग शव को ठिकाने लगाए और मुझे धमकी भी दिए कि कहीं नाम खोला तो जान से तुम भी जाओगे। घासी ने बताया कि मृतक को तीन लड़के और एक लड़की है बड़े एक लड़के की शादी हो गई है।पत्नी इंद्रावती आदि का रो रो बुरा हाल हो गया है।इस संबंध में इंस्पेक्टर घोरावल ब्रजेश सिंह ने बताया कि घासी मौर्य की तहरीर पर घटना में प्रयुक्त चालक की शिनाख्त पर शव की खोजबीन की जा रही थी आखिर शव नहर में उतराया दिखा जिसे विधिक कार्रवाई करते हुए पीएम हेतु भेज दिया गया।

## झोलाछाप पर गलत दवा इलाज करने का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव निवासी दिनेश सिंह ने झोलाछाप डाक्टर पर गलत दवा देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।दिए गए प्रार्थना पत्र में दिनेश सिंह आरोप लगाया कि कि बीते 20 फरवरी को 18 वर्षीया पुत्री को चक्कर आने पर क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव स्तेह चौराहा पर झोलाछाप के क्लिनिक चिरंजीवी मेडिकल पर दिखाया गया तो उन्होंने पुत्री को एक सप्ताह की दवाई दी। झोलाछाप द्वारा दी गई दवा को घर पर आकर बेटी ने खाया तो चार दिन बाद बेटी घर पर गश खाकर गिर पड़ी और उसे चलने में दिक्कत होने लगी। बेटी की दिमागी हालत विक्षिप्त जैसी हो गई।हालत गंभीर देखकर बेटी को मीरजापुर मंडलीय चिकित्सालय में ले जाकर चिकित्सक को दिखाया। बेटी की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक ने 27 फरवरी को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पुत्री का 19 दिनों तक इलाज चला। बेटी का इलाज कर रहे बीएचयू ट्रामा सेंटर के न्यूरो विभाग चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा खाने की वजह से आपकी बेटी की ऐसी हालत हुई है। यह दवा पागलों के इलाज में दी जाती है। आज भी बेटी को चलने फिरने में दिक्कत हो रही है और उसकी याददाश्त में सुधार नही हो पा रहा है। झोलाछाप बिना किसी चिकित्सा डिग्री व बगैर लाइसेंस के खुलेआम अपना क्लीनिक चला रहा है। झोलाछाप डाक्टर भोली भाली जनता का गलत दवा इलाज कर उनकी सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। दिनेश सिंह ने बेटी की हालत के लिए जिम्मेदार झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया अवधेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

## आस्था नगरी विंध्याचल देवी धाम क्षेत्र में प्लास्टिक का कारोबार जोरों पर

मीरजापुर। देश के विख्यात देवी धाम विंध्याचल में आने वाले दर्शनार्थियों के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में प्लास्टिक प्रतिबंधित होने के बावजूद धड़ल्ले से इसका उपयोग हो रहा है, जिससे प्रदूषण को बढ़ावा मिलने के साथ धाम क्षेत्र गंदगी से भी पटता जा रहा है। घोर आश्चर्य की बात है कि विंध्याचल धाम में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए कुछ दुकानदारों द्वारा प्लास्टिक के पन्नी में देशी घी की गरम जलेबी बेचा जा रहा है। जो न केवल स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है बल्कि कैंसर जैसे गंभीर मर्ज को भी बढ़ावा देने में कारगर है। बता दें कि विंध्याचल धाम क्षेत्र में नवरात्र मेला के दौरान देश के कोने कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते है। दर्शन–पूजन के पश्चात भक्तगण विंध्य क्षेत्र को घूमना पसंद करते हैं ऐसे में उनके खान–पान के लिए कोई मुक्कमल व्यवस्था न होने से सेहत को लेकर भक्तों को हलकान व परेशान देखा जा सकता है। गौर करें तो खाद्य पदार्थ खघसकर गर्म खाद्य पदार्थों को प्लास्टिक पन्नी में न देकर गत्ते के पैकेट में खाद्य पदार्थ देना चाहिए लेकिन ऐसा न कर दुकानदार प्लास्टिक पन्नी का उपयोग करते हुए आएं हैं। आश्चर्य की बात है कि विंध्याचल धाम प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र जिला प्रशासन द्वारा घोषित किया गया है, नवरात्र के पहले मुख्यमंत्री द्वारा प्रशासन को निर्देशित भी किया गया पर कुछ दुकानदार के द्वारा मनमानी और बड़े मुनाफे को प्राथमिकता देते हुए आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए आ रहे है।

## इतिहास में दर्ज है विकास पुरुष बेनी प्रसाद वर्मा का नाम हाफिज अयाज

बाराबंकी। किसानों, मजलूमों, जरूरतमंदों के हक अधिकार सुरक्षित रहे इसके लिए बेनी बाबू किसी भी संघर्ष के लिए तैयार रहते थे। आम जनमानस की सुख सुविधाओं के लिए उन्होंने अनेकों विकास कार्य किये जो आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की छठवीं पुण्यतिथि पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन मे आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित नमन करने के पश्चात उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि बाबूजी हर जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को एक समान अधिकार मिले इसके लिए निरंतर कार्य किया बाबूजी ने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए तमाम प्रयास किए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार मे मंत्री रहते हुए बाबूजी ने बाराबंकी जनपद ही नहीं देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का काम किया उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी जनता को सहूलियत दे रहे बाराबंकी मुख्यालय को जनपद के हर कोने से जोड़ने के लिए उन्होंने तमाम पुल, पुलिया, सड़के बनवाते हुए दूरसंचार मंत्री रहते हुए उन्होंने गांव गरीब के छप्पर में टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करा दी थी यही कारण है कि आज भी जनपद का हर व्यक्ति बाबूजी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करता है हम सबको बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जी से शिक्षा लेते हुए आम जनमानस की समस्याओं को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास करते रहना होगा अगर इसके लिए हमें संघर्ष भी करना पड़े तो उससे भी पीछे नहीं हटना है तभी हम बाबूजी के उस सपने को साकार कर पाएंगे जिसकी बात हमेशा बाबूजी करते थे।

## समाज के लिए समर्पित संगठन है यादव महासभा - अंशुमान यादव

बाराबंकी। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल अध्यक्ष व संगठन प्रभारी उ0प्र0 अंशुमान सिंह यादव द्वारा अयोध्या जनपद से समाजसेवी देवराज यादव ग्राम ग्राम व पोस्ट उमापुर विकास खण्ड–मवई, तहसील–रूदौली, जनपद–अध्योध्या को जिला अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, उत्तर प्रदेश नामित किया गया। अंशुमान सिंह यादव ने जनपद अयोध्या से जिलाध्यक्ष नामित करते हुये कहा कि शीघ्र ही पूर्वांचल के सभी जिलों में जिलाध्यक्ष, प्रमुख महासचिव, महासचिव, प्रमुख उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सदस्य सहित जिला प्रभारियों व विधानसभा अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष और ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। यादव महासभा, उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष देवराज यादव को बनाये जाने पर यादव समुदाय में प्रसन्नता व खुशी की लहर दौड़ गयी। पूर्व प्रधान रामदेव यादव, प्रधान राजेश यादव, प्रधान रामसुमिरन यादव, प्रधान जगजीवन यादव सहित पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ0 सन्तराम यादव शिवसेना के प्रदेश उपप्रमुख ने बधाई दिया और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और राष्ट्रीय लोकदल नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव तथा शिवसेना वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी तुलसीराम यादव ने समाजसेवी देव राज यादव को शुभकामनाऐं व बधाई प्रेषित की। प्रदेश पूर्वांचल संगठन प्रभारी अंशुमान सिंह यादव ने कहा कि देवराज यादव अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष जनपद अयोध्या के ऊर्जावान व नौजवान तथा समाजसेवी है।

# जनता हॉस्पिटल की लापरवाही से मरीज की टांग काटने की नौबत

बाराबंकी। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। तहसील नवाबगंज क्षेत्र में संचालित एक निजी अस्पताल पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है, जिसके चलते एक मरीज की हालत इतनी बिगड़ गई कि उसकी टांग काटने की नौबत आ गई। इस मामले में पीड़ित ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में 90 लाख रुपए मुआवजे का दावा किया है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित मनोज कुमार 22 मार्च 2024 की रात एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए नवाबगंज क्षेत्र के बरेठी में स्थित जनता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि अस्पताल संचालक डॉ. अवधेश कुमार वर्मा और सर्जन डॉ. सौरभ सिंह ने आश्वासन दिया कि ऑपरेशन कर पैर में रॉड डालने के बाद मरीज ठीक हो जाएगा। लेकिन 23 मार्च 2024 को मरीज का शुगर लेवल 265 एमजीडीएल होने के बावजूद ऑपरेशन कर दिया गया, जो चिकित्सा मानकों पर सवाल खड़े करता है। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद मरीज को राहत नहीं मिली, बल्कि दर्द बढ़ता गया। भौगोलिक संदर्भ महज दो दिन के भीतर ही पैर में सड़न (इन्फेक्शन) शुरू हो गई। स्थिति गंभीर होते देख अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को लखनऊ रेफर कर दिया, जिससे लापरवाही के आरोप और गहरे हो गए। पीड़ित के अधिवक्ता विष्णु कांत के अनुसार, लखनऊ समेत कई अस्पतालों में इलाज कराया गया, लेकिन सभी डॉक्टरों ने पैर काटने की सलाह दी। आखिरकार मरीज को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लंबे इलाज के बावजूद सुधार नहीं हुआ और डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया कि अब पैर काटना ही एकमात्र विकल्प बचा है। इस पूरी प्रक्रिया में पीड़ित परिवार लगभग 12 लाख रुपए खर्च कर चुका है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहद खराब हो गई है। पीड़ित का आरोप है कि जब मामला बिगड़ा, तो अस्पताल संचालक ने इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन दिया था,

## एसपी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का लिया जायजा

चित्रकूट। रामनवमी पर्व के .ष्टिगत एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सु.ढ़ बनाये रखने को थाना, चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र के मिश्रित आबादी एवं भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिया। पुलिस टीम ने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों, होटल, ढाबा, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की।

## 22 लाख दीपों की टिमटिमाहट से जगमग हुई प्रभु श्रीराम की तपोस्थली

चित्रकूट। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्राकट्य दिवस राम नवमी के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक "चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के नेतृत्व में एक लाख एक हजार दीपों के प्रज्वलन के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसी क्रम में उप्र व मप्र प्रशासन ने रामघाट, भरत घाट आदि जगहों पर 22 लाख दीपक प्रज्जवलित किए। दीपकों की टिमटिमातर रोशनी में धर्मनगरी सराबोर हो गए। भव्य आयोजन हर्ष, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर विवि ने सतना चित्रकूट मुख्य मार्ग स्थित मुख्य परिसर, परिक्रमा बाईपास मार्ग पर स्थित .षि परिसर तथा इससे जुड़े प्रमुख मार्गों पर दीप प्रज्वलित किए। जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र दीपमालिका से आलोकित हो उठा।

## निबंधन कार्यालय मऊ के निर्माण में न हो शिथिलता

चित्रकूट। महानिरीक्षक निबंधन के पत्र केकम में निबंधक कार्यालय मऊ के लिए निविदा दर के अनुसार पुनरीक्षित लागत 228.95 लाख की प्रशासकीय एवं वितीय स्वी.ति के सापेक्ष द्वितीय किस्त के रूप में 101.745 लाख रुपए कार्यदाई सस्था उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ को भुगतान किया गया है। वर्तमान में भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। डीएम ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि के अंतर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

## अवैध गिट्टी परिवहन पर पांच वाहनों पर कार्रवाई

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित धनुष चौराहे पर अवैध गिट्टी परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई वाहनों पर शिकंजा कसा। खनिज निरीक्षक मंटू सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पांच वाहनों का चालान किया गया। जबकि ऑनलाइन माध्यम से 2 लाख 46 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा भरतकूप क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को सीज किया गया। विभाग की इस सख्ती से अवैध परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार रात के अंधेरे में बिना रॉयल्टी के गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जिसमें कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों के पाए गए। इसके बाद नियमानुसार चालान एवं सीज की कार्रवाई की गई। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## जिले में बनेगा पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने अवगत कराया कि जनपद मुख्यालय पर पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र की स्थापना के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वी.ति 279.03 लाख रुपए के सापेक्ष एकमुश्त रूप में धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी को अवमुक्त कर दी गई है। निर्माण कार्य सीएनडीएस द्वारा कराया जायेगा। एबीसी सेन्टर लगभग 500 निराश्रित स्वानों की क्षमता का होगा। जिसमें बान्ध्यकरण, टीकाकरण आदि का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये है कि जनपद मुख्यालय पर पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराकर मानक के अनुरूप कराया जाना सुनिश्चित करें। जिससे आम जनमानस को योजना का लाभ मिल सके।

## आग से पांच बीघे की गेंहू की फसल राख

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के किहुनिया ग्राम पंचायत के शीतल पुरवा में चार से पांच बीघे की फसल जल गई। पीड़ित .षक दरबारी लाल द्विवेदी के खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। पीड़ित किसान ने बताया कि बड़ी लागत और मेहनत से फसल तैयार किया था। आसपास के ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तहसीलदार दयाशंकर वर्मा ने बताया कि लेखपाल को भेजकर क्षति का आंकलन कराया है। जल्द मुआवजा की कार्यवाही की जाएगी।

# आईपीएल इतिहास के दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं महेंद्र सिंह धोनी, जानिए उनका अब तक का सफर

नईदिल्ली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का नाम आते ही जिस खिलाड़ी की छवि सबसे पहले उभरती है, वो हैं महेंद्र सिंह धोनी। शांत स्वभाव, सटीक रणनीति और मैच खत्म करने की कला ने उन्हें इस लीग का सबसे बड़ा चेहरा बनाया है। आईपीएल के शुरुआती संस्करण से लेकर आज तक, धोनी ने न सिर्फ कप्तानी में कमाल किया बल्कि अपने प्रदर्शन से भी टीम को कई यादगार जीत दिलाई हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उनके शानदार सफर की कहानी ।धोनी का आईपीएल का सफर सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि दबाव में जीत गढ़ने की कहानी रहा है। आईपीएल में साल 2008 से वह सीएसके की रीढ़ बने और टीम को 5 बार खिताब जिताया और ज्यादातर संस्करण में प्लेऑफ तक पहुंचाया। विकेट के पीछे उनकी फुर्ती, कप्तानी में सटीक रणनीति और अंत में मैच खत्म करने की कला ने उन्हें अलग बनाया। मुश्किल हालात में शांत रहकर बाजी पलटना ही धोनी की सबसे बड़ी पहचान बना ।अब आईपीएल में धोनी बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेलते हुए नजर आते हैं। कप्तान के तौर



पर उनके आंकड़े कमाल के हैं। उन्होंने साल 2008 में पहली बार इस लीग में कप्तानी की थी। उन्होंने 235 मुकाबलों में कप्तानी की है और इस दौरान उनकी टीम को 136 मैच में जीत मिली। 97 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2 मैच में कोई नतीजा नहीं निकला। धोनी के बाद सबसे ज्यादा जीत रोहित शर्मा (87) के नाम है ।धोनी सीएसके के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 248 मैचों की 215 पारियों में 39.23 की औसत और 139.11 की स्ट्राइक रेट से 4,865 रन निकले हैं। उन्होंने 22 अर्धशतक जड़े हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84' रन है। धोनी के बाद सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन (4,687) सुरेश रैना ने बनाए हैं। उन्होंने 176 मैच में 136.88 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100' रन है ।धोनी सीएसके के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के (234) लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। दूसरे स्थान पर रैना हैं, जिनके बल्ले से 180 छक्के निकले थे। शिवम दुबे इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उनके बल्ले से सीएसके के लिए 100 छक्के निकले हैं। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के (264) लगाने के मामले में धोनी चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे सिर्फ विराट कोहली (291), रोहित (302) और क्रिस गेल (357) हैं। धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल विकेटकीपरों में शुमार हैं। उन्होंने 278 मैचों की 271 पारियों में विकेट के पीछे 201 शिकार किए हैं, जिसमें 154 कैच और 47 स्टंपिंग शामिल हैं। उनकी फुर्ती और सटीकता ने उन्हें बल्लेबाजी और कप्तानी के अलावा इस क्षेत्र में भी अलग पहचान दिलाई।

# ट्राइबल गेम्स में झारखंड का जलवा, तमिलनाडु को 30-0 से रौंदा

रांची,। प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेल (ट्राइबल गेम्स) में झारखंड महिला हॉकी टीम ने अपने पहले ही लीग मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु को 30–0 के विशाल अंतर से पराजित कर दिया. छत्तीसगढ़ के रायपुर में 25 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और पूरे मैच में विपक्षी टीम पर दबदबा बनाए रखा.

इस मैच की शुरुआत से ही झारखंड की खिलाड़ियों ने तेज गति, सटीक पासिंग और बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया. टीम की ओर से सेलस्टिना होरो ने सर्वाधिक 6 गोल दागते हुए जीत की मुख्य नायिका बनीं. निशा मिंज ने 5 गोल, अनीशा डुंगडुंग ने 4 गोल और रोशनी ऐंड ने 3 गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई. इसके अलावा स्वीटी डुंगडुंग और पार्वती टोपनो ने 2–2 गोल किए. वहीं बालो होरो, मनीला बागे, सरोज कुमारी, प्रेनी कंडीर, सिलबिया नाग, रजनी केरकेट्टा, सुष्मिता कुल्लू और कौशल्या कुमारी ने 1–1 गोल कर टीम की जीत को ऐतिहासिक बना दिया. इस तरह झारखंड की टीम ने कुल 30 गोल दागते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का परिचय दिया.

टीम की इस सफलता में कोच करुणा पूर्ति की रणनीति, अनुशासित प्रशिक्षण और टीम मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका रही. टीम मैनेजर अमित रंजना मिंज और फिजियो शशांक सौरभ ने खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखने में अहम योगदान दिया. इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और आने वाले मुकाबलों के लिए टीम पूरी तरह तैयार है. राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने टीम को बधाई दी है.28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा प्रतियोगिता के चौथे दिन क्वार्ड वर्ग के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. समारोह में खिलाड़ियों को



प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने वर्ग में पदक हासिल किए.क्वार्ड बालक वर्ग में मणिपुर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा को रजत पदक मिला. नागालैंड और बिहार ने कांस्य पदक प्राप्त किया. वहीं बालिका वर्ग में भी मणिपुर ने स्वर्ण पदक हासिल किया. नागालैंड को रजत, जबकि हरियाणा और असम को कांस्य पदक मिला. चौथे दिन आयोजित प्रमाण पत्र वितरण सम्मानित किया गया. इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया.इस समारोह में सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी नरेश कुमार, झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील सूर्यांत, प्रेसिडेंट उदय साहू सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे. आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का अंतिम दिन अगले दिन होगा,

# आईपीएल 2026 में नहीं होगा उद्घाटन समारोह, बीसीसीआई ने किया लिया फैसला

नईदिल्ली,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत 28 मार्च से रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच से होनी है। इस बीच खबर है कि आगामी सीजन का उद्घाटन समारोह (ओपनिंग सेरेमनी) नहीं होगा। दरअसल, पिछले साल आरसीबी की विक्ट्री परेड के बाद हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी। इन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बीसीसीआई ने फैसला किया है। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने भगदड़ में मरे हुए लोगों की याद में उद्घाटन समारोह को सादा रखने का फैसला किया। हालांकि, टूर्नामेंट के आखिर में समापन समारोह (क्लोजिंग सेरेमनी) के भव्य होने की उम्मीद है। इसके लिए बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल योजना बना रहे हैं। बता दें कि आईपीएल 2025 में भव्य उद्घाटन समारोह हुआ था, जिसमें शाहरुख खान, श्रेया घोषाल, करण औजला और दिशा पाटनी जैसी हस्तियों ने परफॉर्म किया था।बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने इस बारे में जानकारी दी। इस बारे में उन्होंने कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण आईपीएल 2026 के शुरू होने वाले दिन (बेंगलुरु में) कोई औपचारिक समारोह नहीं होगा। उन दिवंगत आत्माओं के सम्मान में बीसीसीआई आगामी सीजन की शुरुआत पर किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहा है।गत विजेता आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने घोषणा की कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान 11 सीटें हमेशा खाली रहेंगी। ऐसा उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाएगा, जिनकी पिछले सीजन में भगदड़ में जान चली गई थी। मेनन ने यह भी कहा कि खिलाड़ी पूरे सीजन के दौरान अभ्यास सत्रों में जर्सी नंबर 11 पहनेंगे, और इस संस्करण के सभी मैचों में काली पट्टी पहनेंगे।आरसीबी अपने 5 मैच बेंगलुरु में खेलने के अलावा 2 मैच रायपुर में भी खेलेगी। बता दें कि आगामी सीजन में रायपुर का शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय मैदान आरसीबी का दूसरा घरेलू मैदान होगा। वहीं, चिन्नास्वामी स्टेडियम में लीग चरण के 5 मैचों के अलावा 2 प्लेऑफ मुकाबले भी खेले जाएंगे, जिसमें फाइनल भी शामिल है। ऐसे में यह बेंगलुरु में मौजूद क्रिकेट प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है।




# भारतीय क्रिकेट टीम के घरेलू सीजन के कार्यक्रम का ऐलान, जानिए कब और कहां होंगे मुकाबले

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के 2026–27 घरेलू सीजन का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार का सीजन काफी व्यस्त और रोमांचक रहने वाला है, जहां वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भारत दौरे पर आएंगी। इस दौरान कुल 17 शहरों में 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे देशभर के क्रिकेट प्रेमियों को शानदार मुकाबले देखने का मौका मिलेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ सितंबर में शुरू होने वाली सीरीज से इसका आगाज होगा।

भारतीय टीम सबसे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी–20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद दिसंबर 2026 में श्रीलंका क्रिकेट टीम भारत दौरे पर आएगी, जहां 3 वनडे और 3 टी–20 मुकाबले होंगे। नए साल की शुरुआत में जनवरी 2027 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। वहीं, सीजन का अंत ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से होगा, जिसकी शुरुआत 21 जनवरी से होगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज का पहला वनडे 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में होगा। सीरीज का आखिरी वनडे मुकाबला 3 अक्टूबर को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। 5 मैचों की टी–20 सीरीज का आगाज 6 अक्टूबर से होगा। इसके बाद 9, 11, 14 और 16 को मुकाबले खेले जाएंगे। ये मैच लखनऊ, रांची, इंदौर,हैदराबाद और बेंगलुरु में होंगे। वनडे मैच दोपहर 2 बजे और टी–20 रात 7 बजे शुरू होंगे।श्रीलंका की टीम अपनी सीरीज का पहला वनडे मुकाबला 13 दिसंबर को दिल्ली में खेलेगी। सीरीज का दूसरा मैच बेंगलुरु में 16 दिसंबर को खेला जाएगा। आखिरी वनडे मुकाबला 19 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा। टी–20 सीरीज का पहला मुकाबला 22 दिसंबर को राजकोट में खेला जाएगा। दूसरा मैच 24 दिसंबर को कटक और आखिरी मैच 27 दिसंबर को पुणे में होगा। वनडे मुकाबले दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे। वहीं,टी–20 मैच रात 7 बजे से खेले जाएंगे।जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ 3 वनडे मुकाबलों की सीरीज 3 जनवरी (कोलकाता), 6 जनवरी (हैदराबाद) और 9 जनवरी (मुंबई) को खेलेगी। ये मुकाबले दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे।



बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मुकाबला 21 जनवरी से नागपुर में खेला जाएगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट मैच 29 जनवरी से चेन्नई में खेलेगी। इस सीरीज का तीसरा मुकाबला 11 फरवरी से गुवाहाटी में होगा। वहीं, चौथा टेस्ट मैच 19 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित सीरीज का आखिरी मुकाबला 27 फरवरी से अहमदाबाद में होगा। सीरीज के सभी टेस्ट मैच सुबह 9रू30 बजे से शुरू होंगे।

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भुवनेश्वर कुमार रच सकते हैं इतिहास, बस करना होगा ये काम

आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दो विकेट लेते ही आईपीएल के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। वे साथ ही साथ इस लीग के पहले ऐसे तेज गेंदबाज होंगे, जो 200 विकेट का मुकाम हासिल करेंगे। अभी तक आईपीएल में 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड सिर्फ युजवेंद्र चहल के नाम है, जो स्पिन गेंदबाज हैं।आईपीएल 2026 का आगाज आज से होना है। जिसका पहला मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले में आरसीबी के बेहतरीन गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इतिहास रच सकते हैं। भुवी अगर हैदराबाद के खिलाफ 2 विकेट झट लेते हैं तो वह बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। शनिवार को खेले जाने वाले मुकाबले में आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दो विकेट लेते ही आईपीएल के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले दूसरे



गेंदबाज बन जाएंगे। वे साथ ही साथ इस लीग के पहले ऐसे तेज गेंदबाज होंगे, जो 200 विकेट का मुकाम हासिल करेंगे। अभी तक आईपीएल में 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड सिर्फ युजवेंद्र चहल के नाम है, जो स्पिन गेंदबाज हैं। चहल ने अपने आईपीएल करियर में 2013 से लेकर अब तक कुल 174 मैच खेले हैं, जिसकी 172 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 221 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 22.76 का और 7.96 की है। 4 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट लेना उनका अब तक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भुवनेश्वर कुमार चहल के बाद दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 2011 से 2025 तक कुल 190 मैच खेले हैं जिसकी सभी 190 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 27.33 की औसत और 7.69 की शानदार इकोनॉमी के साथ कुल 98 विकेट हासिल किए हैं। 4 ओवर के स्पेल में 19 रन देकर 5 विकेट हासिल करना भुवी का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

# अब ओटीटी-डीटीएच पर भी घूमेगा टीआरपी का मीटर, नई टी रेटिंग पालिसी 2026 में सरकार ने बदले कड़े नियम।

सरकार ने टीवी रेटिंग में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए नई टीवी रेटिंग नीति 2026 जारी की है, जो 2014 के दिशानिर्देशों की जगह लेगी। इस नीति में एजेंसियों के लिए पंजीकरण की नेटवर्थ सीमा घटाने, सैंपल साइज बढ़ाकर 1,20,000 घरों तक करने और लैंडिंग पेज से मिली दर्शक संख्या को रेटिंग से बाहर रखने जैसे महत्वपूर्ण बदलाव शामिल हैं। सरकार ने टीवी रेटिंग नीति 2026 शुक्रवार को जारी की जिसमें देश में टेलीविजन रेटिंग के नियमन के लिए व्यापक दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं। इसका उद्देश्य दर्शक मापन में पारदर्शिता, स्वतंत्रता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस नीति में टीवी रेटिंग सेवाएं प्रदान करने वाली एजेंसियों के पंजीकरण, संचालन, लेखा–परीक्षण एवं निगरानी के लिए स्पष्ट मानक तय किए गए हैं। टीवी रेटिंग नीति 2026, 16 जनवरी 2014 को जारी भारत में टीवी रेटिंग एजेंसियों के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों की जगह लाई गई है। यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। नीति की प्रमुख विशेषताओं में प्रवेश नियमों को आसान बनाना और टीवी रेटिंग एजेंसी के रूप में पंजीकरण कराने की इच्छुक कंपनी के लिए 'नेटवर्थ' की आवश्यकता को मौजूदा 20 करोड़ रुपये से घटाकर पांच करोड़ रुपये करना शामिल है। कड़े हित–संघर्ष विरोधी प्रावधानों के तहत तटस्थता सुनिश्चित करने के लिए यह प्रावधान किया गया है कि निदेशक मंडल के कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे, जिनका प्रसारकों, विज्ञापनदाताओं या विज्ञापन एजेंसियों से कोई संबंध नहीं होगा। इसके अतिरिक्त एजेंसियों को ऐसी परामर्श सेवाएं देने से प्रतिबंधित किया गया है जिससे हितों के टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।नमूना (सैंपल) आकार बढ़ाने और प्रतिनिधि आंकड़े सुनिश्चित करने के लिए एजेंसियों को 18 महीने के भीतर (मौजूदा रेटिंग एजेंसियों के लिए छह महीने) 80,000 मीटर लगे घरों तक अपने संचालन का विस्तार करना होगा और बाद में इसे बढ़ाकर 1,20,000 घरों तक पहुंचाना होगा, ताकि आंकड़ों की सटीकता में सुधार हो सके। मापन प्रौद्योगिकी–निरपेक्ष होगा जिसमें केबल, डीटीएच, ओटीटी और कनेक्टेड टीवी सहित सभी माध्यमों से आंकड़े जुटाए जाएंगे तथा मीटर लगे घरों की सभी टीवी स्क्रीन से डेटा एकत्र किया जाएगा। पारदर्शिता एवं गोपनीयता के लिए एजेंसियों को अपनी विस्तृत कार्यप्रणाली और गुमनाम किए गए डेटा को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना होगा। साथ ही सभी संचालन को दर्शकों की गोपनीयता की सुरक्षा के लिए डिजिटल व्यक्तिगत जानकारी संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 का सख्ती से पालन करना होगा। जवाबदेही और लेखा–परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए अब दोहरी ऑडिट प्रणाली अनिवार्य की गई है, जिसमें तिमाही आंतरिक ऑडिट और वार्षिक स्वतंत्र बाहरी ऑडिट शामिल होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समय–समय पर 'फील्ड' निरीक्षण के लिए एक ऑडिट और निगरानी दल भी गठित करेगा।

# बांग्लादेश में भी देखे जा सकते हैं आईपीएल के सभी मैच लाइव, सरकार ने हटाया बैन

बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल के लाइव मैच को लेकर बड़ा यू–टर्न लिया है। बता दें कि, मुस्फिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल को अपने देश में लाइव प्रसारण करने से इनकार करआईपीएल 2026 का आगाज आज से होने जा रहा है। 19वें सीजन का पहला मैच आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाना है। आरसीबी वर्सेस सनराइजर्स हैदराबाद मैच शुरू होने में कुछ ही घंटे शेष हैं। इससे पहले बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल के लाइव मैच को लेकर बड़ा यू–टर्न लिया है। बता दें कि, मुस्फिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल को अपने देश में लाइव प्रसारण करने से इनकार कर दिया था। लेकिन अब उन्होंने इस बैन को हटा दिया है। ये ताजा फैसला आईपीएल के प्रसारण को लेकर बनी अनिश्चितता के बाद आया है। इससे पहले, मशहूर अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर बैन लगा दिया था। पिछले निर्देश के चलते स्थानीय चौनल और ऑपरेटर इस टूर्नामेंट का प्रसारण नहीं कर पा रहे थे, जिससे बांग्लादेशी फैंस दुनिया की सबसे लोकप्रिया टी20 फ्रेंचाइजी लीग में से एक को देखने से वंचित रह गए थे।

## केवाईसी नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, आरबीआई ने सैंट्रल बैंक, बीवोआई पर लगाया लाखों का जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विभिन्न नियामक निर्देशों का पालन न करने पर तीन प्रमुख सरकारी बैंकों, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, और बैंक ऑफ इंडिया, सहित फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई केवाईसी नियमों के उल्लंघन, अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन के निपटान में देरी और ग्राहकों से अनुचित शुल्क वसूलने जैसे मामलों में की गई है।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पाइन लैब्स पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये और पाइन लैब्स पर 3.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मामले में ग्राहक द्वारा अधिसूचना की तारीख से 10 कार्य दिवसों के भीतर अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन में शामिल राशि को कुछ ग्राहकों के खातों में जमा नहीं किया गया था ।साथ ही ग्राहकों को अनधिकृत बैंकिंग लेनदेन की रिपोर्ट करने के लिए 24 घंटे सुविधा प्रदान नहीं की गयी और कुछ केसीसी खातों में सिस्टम–आधारित परिसंपत्ति वर्गीकरण प्रक्रिया में 'मैन्युअल' हस्तक्षेप का सहारा लिया गया था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मामले में, जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि बैंक निर्धारित समय सीमा के भीतर कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को केन्द्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री पर अपलोड करने में विफल रहा और कुछ ग्राहकों के अतिरिक्त बीएसबीडी (बुनियादी बचतबैंक जमा) खाते खोले, जिनके पास पहले से ही बैंक में बीएसबीडी खाते थे ।विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण खातों में तदर्थ सेवा शुल्कधनिरीक्षण शुल्क व प्रसंस्करण शुल्क एकत्र करने और परिपक्वता की तारीख से उनके पुनर्भुगतान की तारीख तक कुछ सावधि जमा रसीदों (टीडीआर) पर ब्याज का भुगतान नहीं करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना लगाया गया है।

# फिल्म पेड्डी का टीजर जारी, पेड्डी पहलवान के रूप में दमदार लगे राम चरण

सुपरस्टार राम चरण 40 साल के हो चुके हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने अपने चाहने वालों को तोहफा देते हुए फिल्म पेड्डी का टीजर जारी कर दिया है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मेगा स्टार के साथ जाह्नवी कपूर मुख्य किरदार में नजर आएंगी। निर्माताओं द्वारा दिया गया यह तोहफा राम नवमी 2026 से भी मेल खाता है, जिसमें राम चरण को दमदार और प्रभावशाली रूप में पेश किया गया है।महज 44 सेकंड के टीजर में, राम चरण का बिल्कुल अलग अवतार देखने को मिला है, जिससे फैंस बेहद उत्साहित हैं। सुगठित शरीर, मजबूत मांसपेशिया, घनी दाढ़ी और बालों का जूड़ा लगाए अभिनेता पेड्डी पहलवान बने हैं और कुश्ती के अखाड़े में सामने वालों को धूल चटा रहे हैं। उनका डायलॉग मेरा खेल मेरा अहंकार है प्रभावशाली है जो खेल के प्रति उनके जुनून को परिभाषित करता है।



यह अभिनेता के करियर का सबसे चौंका देने वाला लुक है। पेड्डी की कहानी 1980 के दशक में आंध्र प्रदेश के ग्रामीण परिवेश पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा है जिसमें वास्तविक घटनाओं को काल्पनिक कहानियों के साथ संजोया गया है। शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू, बोमन ईरानी और सत्या जैसे सितारे भी इसका हिस्सा हैं। यह एक पैन–इंडिया फिल्म है जो 30 अप्रैल, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलम में संगीत ऑस्कर विजेता एआर रहमान ने दिया है।

## रणबीर कपूर बनेंगे राम, हनुमान जयंती पर जारी होगा रामायण का पहला लुक, मेकर्स ने की बड़ी घोषणा

भारतीय सिनेमा की प्रतीक्षित फिल्म रामायण को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है. फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने राम नवमी के पावन अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रशंसकों को खुशखबरी दी है. उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म में भगवान राम की मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता रणबीर कपूर का पहला लुक 2 अप्रैल, 2026 को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर दुनिया के सामने पेश किया जाएगा.

नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद खास पोस्ट साझा की. उन्होंने प्रशंसकों के धैर्य और अटूट विश्वास के लिए उनका आभार व्यक्त किया. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, शुभ राम नवमी. आपके विश्वास और धैर्य के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद. 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन, हम मिलकर पहला कदम उठाएंगे. रामायण – नामित मल्होत्रा द्वारा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह फिल्म दिवाली 2026 और 2027 में वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. निर्माता ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि रामायण केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक गहरी जिम्मेदारी और भक्ति का विषय है. उन्होंने लिखा कि यह कहानी हम सभी की है और उनकी पूरी टीम इसे पूरी शुद्धता, श्रद्धा और भव्यता के साथ पर्दे पर उतारने के लिए पिछले कई सालों से मेहनत कर रही है. 2 अप्रैल को होने वाला रामा का लुक लॉन्च एक बड़े वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा होगा, जिसमें फिल्म की भव्यता की पहली झलक दिखाई जाएगी. नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सितारों का जमावड़ा लगा है. रणबीर कपूर जहां भगवान राम के रूप में नजर आएंगे, वहीं दक्षिण भारतीय अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं. कन्नड़ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के शक्तिशाली किरदार में दिखेंगे. इसके अलावा, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में जान फूँकेंगे. इस फिल्म का एक और सबसे बड़ा आकर्षण इसका संगीत है. पहली बार दुनिया के दो महान संगीतकारकृहॉलीवुड के हंस जिमर और भारत के ए.आर. रहमानकृएक साथ मिलकर इस महागाथा की धुनें तैयार कर रहे हैं.



लगभग 4,000 करोड़ रुपये के भारी–भरकम बजट के साथ बन रही यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है. इसे अत्याधुनिक वीएफएक्स तकनीक और आइमैक्स अनुभव के लिए शूट किया जा रहा है ताकि दर्शकों को एक जादुई अनुभव मिल सके. फिल्म को दो भागों में रिलीज किया जाएगा, जिसका पहला भाग दिवाली 2026 में आएगा.

## धुरंधर 2 के बाद सारा अर्जुन के हाथ लगी नई फिल्म, अभिनेता ईशान खट्टर संग बनेगी जोड़ी

रणवीर सिंह की धुरंधर फ्रैंचाइजी में नजर आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन खूब चर्चा बटोर रही हैं। फिलहाल 19 मार्च को धुरंधर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इस बीच, एक रिपोर्ट में पता चला है कि धुरंधर 2 के बाद, सारा के हाथ एक नई परियोजना लगी है। इस खबर ने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। बताया जाता है कि इसमें उन्हें ईशान खट्टर के अपोजिट देखा



जाएगा।के मुताबिक, टाइगर बेबी द्वारा समर्थित आगामी परियोजना में ईशान और सारा साथ काम कर रहे हैं। हाल ही में, परियोजना की शूटिंग की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर लीक हो गईं जिसके बाद से परियोजना की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता जोया अख्तर ने इसी दौरान एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया। लोगों का मानना है कि यह पोस्ट इसी परियोजना से जुड़ा होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह कर रहे हैं जो पहले फिल्म खो गए हम कहां बना चुके हैं।

फिलहाल, परियोजना से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। यह फिल्म होगी, सीरीज होगी या कुछ और, यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। दोनों कलाकारों के काम पर नजर डालें, तो ईशान को आखिरी बार फिल्म होमबाउंड में देखा गया था। वहीं सारा इस वक्त धुरंधर 2 की तूफानी सफलता का जश्न मना रही हैं।


## भूत बंगला का ट्रेलर कब होगा जारी? अक्षय कुमार हारर-कामेडी में करेंगे दमदार वापसी

अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर–कॉमेडी भूल भुलैया (2007) एक सफल लोकप्रिय फिल्म थी। इसी शैली में अभिनेता दोबारा धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म भूत बंगला 10 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी और इसका निर्देशन भी प्रियदर्शन ने किया है। कुछ दिन पहले इसका आधिकारिक टीजर सामने आया था, जिसे लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब जब फिल्म की रिलीज करीब है, तो आइए जानते हैं कि इसका ट्रेलर कब तक जारी किया जाएगा।रिपोर्ट के अनुसार, भूत बंगला की रिलीज में अब ज्यादा समय नहीं है। इसलिए फिल्म का ट्रेलर 30 मार्च को जारी कर दिया जाएगा। हालांकि, निर्माताओं की ओर से ट्रेलर रिलीज को लेकर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल ही में, फिल्म का गाना तू ही दिसदा जारी हुआ था जिसमें अक्षय के साथ, वामिका गब्बी का रोमांटिक अंदाज देखने को मिला था। एक अन्य गाना रामजी आके भला करेंगे भी जारी हुआ था।

भूत बंगला को बिना किसी वाद–विवाद के सेंसर बोर्ड द्वारा पास कर दिया गया है। फिल्म को यूए 16 रेटिंग के साथ प्रमाणित किया गया है, जिसका मतलब है कि 16 से कम उम्र के बच्चों को माता–पिता के मार्गदर्शन में फिल्म देखना योग्य होगा। फिल्म ऐसे वक्त में आ रही है जब रणवीर सिंह की धुरंधर 2 का दबदबा बरकरार है। हालांकि अक्षय इसके बिल्कुल नहीं घबरा रहे हैं। उनके मुताबिक भूत बंगला मजेदार पारिवारिक फिल्म है।

# राजामौली की वाराणसी का पहला लुक जारी, 2027 की राम नवमी पर होगी रिलीज

भारतीय सिनेमा के मशहूर निर्देशक एस.एस. राजामौली ने अपनी अगली बड़ी फिल्म वाराणसी को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है. राम नवमी के खास मौके पर फिल्म की टीम ने एक छोटा लेकिन बेहद असरदार वीडियो (ग्लिम्स) जारी किया है. इस वीडियो के साथ ही मेकर्स ने यह साफ कर दिया है कि यह फिल्म अगले साल 7 अप्रैल, 2027 को श्री राम नवमी के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी.इस फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. खबरों के अनुसार, वे रुद्र नाम के एक शिव भक्त का किरदार निभा रहे हैं, लेकिन कहानी में रामायण का गहरा संबंध दिखाया गया है. जारी किए गए वीडियो में महेश बाबू को भगवान श्री राम के रूप में दिखाया गया है, जिसने प्रशंसकों के बीच काफी उत्सुकता जगा दी है. बताया जा रहा है कि फिल्म में 25 मिनट का एक बहुत बड़ा रामायण सीक्वेंस है, जिसे शूट करने में लगभग 60 दिन लगे हैं. वाराणसी को भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक माना जा रहा है. इसका बजट 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा बताया जा रहा है. राजामौली इस फिल्म को एक ग्लोबल एडवेंचर के रूप में बना रहे हैं. फिल्म की शूटिंग वाराणसी के पवित्र घाटों से लेकर अंटार्कटिका की बर्फीली वादियों तक की गई है. तकनीकी रूप से भी यह फिल्म बेहद खास है क्योंकि इसे आइमैक्स फॉर्मेट में शूट किया जा रहा है, ताकि दर्शकों को सिनेमा हॉल में एक अलग ही अनुभव मिले.महेश बाबू के अलावा इस फिल्म में ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास मंदाकिनी के रोल में नजर आएंगी. वहीं, साउथ के मशहूर अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में विलेन (कुंभ) की भूमिका निभा रहे हैं. फिल्म की कहानी में एक्शन और एडवेंचर के साथ–साथ पौराणिक कथाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा. वीडियो शेयर करते हुए टीम ने



लिखा, आप उन्हें अगली राम नवमी तक सिनेमाघरों में देखेंगे. इस मैसेज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. राजामौली की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्मों जैसे बाहुबली और आरआरआर को देखते हुए, दुनिया भर के सिनेमा प्रेमी वाराणसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

# दुनियाभर में धुरंधर 2 का भौकाल, 8वें दिन 11 सौ करोड़ के हुई पार, शाहरुख खान के 3 साल पुराने रिकार्ड की उड़ा दी धज्जिया

रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित फिल्म श्धुरंधर 2य देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर एक जबरदस्त तूफान बन गई है, जो रुकने का नाम नहीं ले रही और टिकट खिड़की पर खतरनाक कलेक्शन कर रही है. फिल्म की वर्ल्डवाइड परफॉर्मेंस की बात करें तो ये स्पाई थ्रिलर फिल्म दुनियाभर में न सिर्फ 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज बॉलीवुड फिल्म बन गई है, बल्कि इसने शाहरुख खान की फिल्म पठान के लाइफटाइम बिजनेस को भी पीछे छोड़ दिया है. धुरंधर 2 का क्रेज वर्किंग डेज में भी कम नहीं हुआ है, और दूसरे गुरुवार को भी इसने तगड़ा कलेक्शन कर डाला है. चलिए यहां जानते हैं श्धुरंधर 2य का 8वें दिन का कलेक्शन कितना रहा है?रणवीर सिंह की श्धुरंधर 2य दुनियाभर में वीकडेज में भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. पहले वीकेंड में शानदार कमाई के बाद, फिल्म रेगुलर वर्किंग डेज में भी ताबड़तोड़ करोडों कमा रही है और नए बेंचमार्क सेट कर रही है.

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक 19,493 शो से इस फिम ने भारत में 49.70 करोड़ की कमाई हुई है, जिससे इसका घरेलू बाजार में कुल ग्रॉस कलेक्शन 805.32 करोड़ हो गया है. भारत से नेट कलेक्शन 674.17 करोड है. बुधवार तक के विदेशी कलेक्शन (261.92 करोड़) को इसमें जोड़ने पर, दुनिया भर में कुल कलेक्शन ?1,067.24 करोड़ हो जाता है. गुरुवार के विदेशी कलेक्शन से समें और भी करोड़ों रुपए जुड़ गए हैं और यह दुनिया भर में इसने 1100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

धुरंधर 2य ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 11 सौ का आंकड़ा पार कर शाहरुख खान की साल 2023 की ब्लॉकबस्टर श्पठानय के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन 1069.85 करोड़ को मात दे दी है. अब इसका अगला टारगेट शाहरुख खान की एक और ब्लॉकबस्टर जवान के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन 1163.62 करोड़ को पार करना है.



उम्मीद है कि दूसरे शुक्रवार को फिल्म ये मील का पत्थर पार कर लेगी और इसी के साथ बॉलीवुड की दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी और दूसरे पर पहुंचने के लिए इसे अपनी ही प्रीक्वल धुरंधर के 1300 करोड़ के लाइफटाइम को मात देनी होगी. जबकि पहले नंबर पर आमिर खान की दंगल 2059 करोड़ के कलेक्शन के साथ काबिज है.

# साड़ी में छाई आलिया भट्ट, सादगी ने बढ़ाई एक्ट्रेस की खूबसूरती, तस्वीरों से नहीं हटा पाएंगे नजर

आलिया भट्ट अपने हर लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में अब एक्ट्रेस ने साड़ी में कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। आलिया अपने लुक से ज्यादा फैंस के बीच सादगी और सिंपल मेकअप को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस के देसी और स्टाइलिश अंदाज से नजरें हटा पाना किसी के लिए भी मुश्किल होगा।

प्रियंका कपाड़िया द्वारा स्टाइल किया गया आलिया भट्ट का यह एलिगेंट और मॉडर्न लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थीं। फैंस ने उनकी पोस्ट पर तारीफों की झड़ी लगा दी। हालांकि, इस बार उनका सॉफ्ट, एलिगेंट और मिनिमल मेकअप सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यूजर्स उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटा रहे और उनकी तुलना स्वर्ग की अप्सरा से कर रहे हैं।

चेन्नई के इवेंट के लिए आलिया ने जैडन लेबल की एक फ्रेश सेज ग्रीन साड़ी पहनी, जिसे सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया था। ऑर्गेंजा की इस साड़ी की हल्की कढ़ाई ने इसे और भी ज्यादा खूबसूरत बना दिया, जिस पर हरे रंग के बड़े–बड़े फूलों वाली कढ़ाई और पतला बॉर्डर है। इस साड़ी में आलिया भट्ट की सादगी देख आप भी उनके फैन हो जाएगे।

आलिया भट्ट की साड़ी को क्लासिक अंदाज में स्टाइल किया गया है, जिसमें परफेक्ट प्लेट्स और खूबसूरत सा लहराता हुआ पल्लू उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस ने इस ड्रेप के साथ मैचिंग रंग का स्लीवलेस सिल्क ब्लाउज पहना था, लेकिन जिस चीज ने इस आउटफिट को सचमुच खास बना दिया, वह थी उनकी ज्वेलरी।

आलिया ने मोक्ष का एक बेहद खूबसूरत कुंदन चोकर चुना, जिसमें कीमती रत्न और हीरे जड़े थे। इसी वजह से उनका लुक शाही लग रहा है। सोने की इयररिंग और बाकी एक्सेसरीज ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए, जहां एक तरफ साड़ी की खूबसूरती निखरकर सामने आई तो वहीं दूसरी तरफ इन एक्सेसरीज ने भी उनकी सुंदरता बढ़ा दिया।आलिया भट्ट का मेकअप उनके सिग्नेचर स्टाइल के हिसाब से बहुत ही अच्छा लग रहा था। आंखों और होठों पर हल्के गुलाबी रंग के शेड्स, हाइलाइटर का हल्का सा टच और न्यूड लिप्स उनके लुक के अनुसार एक दम परफेक्ट



लग रहा है, जो उनके लुक को और ग्रेसफुल बनाता है। वहीं, इस लुक को पूरा करने के लिए आलिया ने अपने बालों को बीच से पार्टिंग करके हल्के वेव्स में खुला रखा। ऐसे में फैंस उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनकी पोस्ट पर तारीफों की बाढ़ आ गई।

आलिया भट्ट का 2026 का वर्क फ्रंट बड़े–बड़े प्रोजेक्ट्स से भरा हुआ है। वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं, जो 10 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में अपने पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल के साथ दिखाई देने वाली हैं।

## मोना सिंह की सीरीज मां का ट्रेलर जारी, दिल छू लेगा मां-बेटे का रिश्ता

मां का सम नई सीरीज का ट्रेलर आज कुछ ही देर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। मां का सम सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



मां का सम के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है। अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है–प्रोजेक्ट मॉम।यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे–जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे–धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है।मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है। एएनआई के अनुसार, मोना ने अपने किरदार के बारे में कहा, विनीता का किरदार उन सब से बहुत अलग है, जो मैंने पहले किए हैं। इसमें सिंगल मां और बेटे के बीच दोस्ती, भरोसा और प्यार दिखाया गया है। मुझे यह बहुत अच्छा लगा कि विनीता खुद को कमजोर होने देती है, फिर से प्यार ढूंढती है और अपने बेटे के अनोखे नजरिए पर भरोसा करती है।

इसके साथ ही मोना सिंह ने फैंस से गुजारिश की और कहा, यह सीरीज ह्यूमर और इमोशन का खूबसूरत मिश्रण है। बहुत से लोग इसमें अपने रिश्ते देखेंगे। मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि सब लोग इसे देखें।मिहिर आहूजा ने इस सीरीज में अगस्तय नाम के लड़के की भूमिका निभाई है। मिहिर ने इस सीरीज में अपने किरदार को लेकर कहा, अगस्त्य बहुत होशियार और कॉन्फिडेंट लड़का है, लेकिन असल में वह सिर्फ एक बेटा है, जो अपनी मां से बहुत प्यार करता है और उसे खुश देखना चाहता है। उनकी मां–बेटे की दोस्ती में ईमानदारी और अपनापन है। वह अपनी मां की खुशी के लिए गणित का इस्तेमाल करके पार्टनर ढूंढने का फैसला करता है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।